दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 48
कोटद्वार गुरूवार

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक


# जयन्त


निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com


## अंकिता के माता-पिता बोले सरकारी वकील को बदला जाए

**पौड़ी** : दिवंगत अंकिता भंडारी के माता-पिता विशेष लोक अभियोजक की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी वकील अंकिता को न्याय दिलाने के प्रति गंभीर नहीं है और अन्य निजी स्वार्थों में संलिप्त है। उन्होंने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें बदलने की मांग की है। कहा कि जल्द ही सरकारी वकील को नहीं हटाए जाने पर वे अनशन को मजबूर होंगे। बुधवार को भंडारी दम्पति अंकिता भंडारी केस को लेकर कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान से मिलने पहुंचे। उन्होंने बेटी के केस की पैरवी कर रहे सरकारी वकील जितेंद्र रावत पर केस को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए उन्हें बदलने की मांग उठाई। कहा कि सरकारी वकील द्वारा अपने परिवार के यूटूयब चैनल पर अंकिता केस से संबंधित आपत्तिजनक वीडियो भी अपलोड की जा रही है, जिससे महसूस होता है कि वे अंकिता को न्याय दिलाने के प्रति गंभीर न रहते हुए अन्य नीजि स्वार्थों में संलिप्त है। इस मौके पर भंडारी दंपति ने कहा कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आमरण अनशन को मजबूर होंगे। इस दौरान अंकिता भंडारी के परिजनों के समर्थन में पहुंची आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगठन की प्रांतीय संगठन मंत्री मीनाक्षी रावत ने कहा कि संगठन अंकिता के परिजनों के साथ खड़ा है। अंकिता के परिजनों की मांग जल्द ही पूरी नहीं होने पर वे अंकिता के परिजनों के साथ आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर वार्ड सभासद यशोदा नेगी, अर्चना रमोला, सरोजनी, कौशल, विनीता, सावित्री, बबीता, ऊषा, फौजिया, मंजू, पार्वती पंवार आदि शामिल थे।

# प्रदेश में दो नए शहर बसाने को केंद्र ने दी मंजूरी



देहरादून , एजेंसी। प्रदेश में काशीपुर व डोईवाला के निकट दो नए शहर बसाने को केंद्र सरकार ने प्रारंभिक तौर पर हरी झंडी दिखा दी है। आवास विभाग ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में सर्वसुविधा संपन्न शहर का प्रस्तुतिकरण दे दिया है, जिस पर सहमति जताते हुए दोनों स्थानों का निरीक्षण करने जल्द ही केंद्र की टीम आएगी। राज्य ने इन शहरों का 1100 करोड़ का प्रस्ताव मंत्रालय को भेजा था।

आवास विभाग प्रदेश में आठ नए शहरों को बसाने की योजना पर काम कर रहा है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र से इस संबंध में अनुरोध करते हुए 1100 करोड़ का प्रस्ताव दिया था। इसके तहत आवास विभाग ने दो शहरों का प्रस्ताव तैयार किया था और केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को भेज दिया था। इनमें एक शहर काशीपुर में पराग फार्म की भूमि पर इंडस्ट्रियल सिटी के नाम से 378.50 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा।दूसरी टाउनशिप, डोईवाला के निकट दून–हरिद्वार हाईवे पर एयरो सिटी के नाम से बनेगी। इंटिग्रेटेड टाउनशिप के नाम से यह शहर 3080.8 भूमि पर बनाया जाएगा। इसमें 746.98 हेक्टेयर सरकारी भूमि और 2333.81 हेक्टेयर निजी भूमि होगी। जानकारी के मुताबिक, प्रस्तुतिकरण होने के बाद जल्द ही दोनों टाउनशिप का निरीक्षण करने के लिए केंद्र की टीम उत्तराखंड पहुंचेगी। इन सभी शहरों में आवास विभाग सुविधाएं देगा। इनमें सड़क, सीवर से लेकर अत्याधुनिक शहरों जैसी सभी सुविधाएं शामिल होंगी। टाउन प्लानिंग विभाग की मदद से इन शहरों का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। इसी हिसाब से निजी सहभागिता से शहरों को बनाने का काम होगा। सरकार इनमें कुछ अपनी जमीनें भी देगी।

### हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

# नैनीताल में ट्रैफिक की समस्या नहीं सुलझाई, तो जोशीमठ जैसे होंगे हालात



**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पर्यटक सीजन के दौरान नैनीताल में वाहनों की भीड़ से ट्रैफिक जाम होने के कारण आवश्यक सेवाएं बाधित होने को लेकर स्वतः संज्ञान से ली गई जनहित याचिका पर सुनवाई की।इस दौरान मुख्य न्यायधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर इस समस्या को समय पर नहीं सुलझाया गया तो यहां के हालात भी जोशीमठ की तरह हो सकते हैं। स्थानीय प्रशासन ने यातायात प्रबंधन को नजरअंदाज किया है। जिसकी वजह से अव्यवस्था हुई है। हाईकोर्ट ने नैनीताल में पार्किंग कम होने के कारण यहां हेली सेवा, रोपवे व शटल सेवा का सहारा लिए जाने की जरूरत बताई है। कोर्ट ने नगर पालिका से पूछा है कि माल रोड में कितने ई–रिक्शा चल रहे हैं। एक अधिवक्ता द्वारा मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शहर में ट्रैफिक जाम होने से हो रही परेशानी से अवगत कराया था। पत्र में कहा गया था कि नैनीताल में खासकर सीजन के दौरान ट्रैफिक जाम की बहुत बड़ी समस्या है। सीजन के दौरान हजारों पर्यटक अपने वाहनों और टैक्सी से यहां आते हैं जो जाम का मुख्य कारण हैं।उच्च न्यायालय की तरफ से समय–समय पर जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन को ट्रैफिक सुधारने के लिए निर्देश जारी हुए हैं लेकिन समस्या का हल आज तक नहीं निकला।

### पहलवानों के साथ अनुराग ठाकुर की बैठक खत्म

# 15 जून तक चार्जशीट और केस वापसी पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने बुधवार (सात जून) को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की। करीब छह घंटे तक चली इस बैठक में दोनों पक्षों के बीच कई मामलों पर सहमति बनी है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक के बाद इस बात की जानकारी दी कि खिलाड़ियों के साथ बातचीत में 15 जून तक यौन शोषण के मामले में चार्जशीट दाखिल करने पर चर्चा हुई।अनुराग ठाकुर ने कहा, "पहलवानों के साथ सकरात्मक बातचीत बहुत संवेदनशील मुद्दे पर हुई है। लगभग छह घंटे चली इस बैठक में जिन मुद्दे पर चर्चा हुई है उसमें जो आरोप लगाए गए हैं उन आरोपों की जांच पूरी करके 15 जून तक चार्जशीट दायर की जाए और रेसलिंग फेडरेशन का चुनाव 30 जून तक किया जाए। रेसलिंग फेडरेशन की आंतरिक शिकायत समिति बनाई जाए और उसकी अध्यक्षता कोई महिला करे।"खेल मंत्री ने आगे कहा, "पहलवानों ने मांग की है कि उनके खिलाफ सभी एफआईआर वापस ली जानी चाहिए। पहलवानों ने यह भी अनुरोध किया कि तीन कार्यकाल पूरा कर चुके बृजभूषण सिंह और उनके सहयोगियों को दोबारा नहीं चुना जाना चाहिए। 15 जून से पहले पहलवान कोई धरना प्रदर्शन नहीं करेंगे।"

# गुलदार ने किया 10 साल की बच्ची समेत दो पर जानलेवा हमला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में गुलदार की दहशत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। जिले में आये दिन गुलदार के मानव पर हमले करने की घटना प्रकाश में आ रही है। बीती मंगलवार रात को गुलदार ने घर के गेट पर खड़ी 10 साल की बच्ची पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। वहीं दूसरी ओर घर के आंगन में आराम कर रहे एक व्यक्ति पर भी गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। जिससे लोगों में दहशत बनी हुई है। गुलदार हमले की दो-दो घटना के बाद वन विभाग भी अलर्ट हो गया है। वन विभाग के अनुसार दोनों स्थानों पर वन विभाग की टीम गश्त कर रही है। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जा रहे हैं। मंगलवार देर शाम को गुलदार ने दो अलग-अलग जगहों पर एक बच्ची समेत दो लोगों को हमला कर घायल कर दिया। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वन विभाग के रेंजर ललित मोहन नेगी ने बताया कि मंगलवार शाम सात बजे तमलाग (ल्वाली) गांव में गुलदार ने घर के आंगन की दीवार पर बैठे विकास लाल (40 वर्ष) पर झपट्टा मारा। जिस वक्त हमला हुआ तब विकास बकरियां चराकर घर के आंगन में आराम करने के लिए बैठे ही थे। आशंका है कि गुलदार बकरियों का पीछा करते हुए घर तक गांव में पहुंच गया। विकास का चेहरा और हाथ जख्मी हुए हैं। शोर मचाने पर गुलदार वहां से भागा। वहीं दूसरी घटना साढ़े सात बजे गडोली में हुई। रेंजर के अनुसार 10 वर्षीय आरुषि घर के गेट के पास अपने पालतू कुत्ते के साथ थी। तभी बच्ची पर गुलदार ने घात लगाकर हमला कर दिया, गनीमत ये रही की यहां पर भी बच्ची बच गई। कुत्ते के भौंकने और घर वालों के शोर मचाने पर गुलदार भागा। बच्ची की गर्दन में खरोंच आई हैं। रेंजर ने बताया कि दोनों स्थानों पर वन विभाग की टीम गश्त कर रही है। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जा रहे हैं।




# केदारनाथ धाम यात्रा में आ रही चुनौतियों पर चर्चा की



रुद्रप्रयाग : प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा को सकुशल, सरल व सुगम बनाये जाने हेतु यात्रा मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकरी विजय नाथ शुक्ला व पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विमल रावत ने केदारनाथ धाम में ड्यूटीरत पुलिस, स्थानीय अभिसूचना इकाई व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय गोष्ठी की गयी। इस अवसर पर प्रचलित केदारनाथ धाम यात्रा में आ रही चुनौतियों व इनसे निपटने के उपायों पर चर्चा हुई। मन्दिर परिसर सहित श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध किये जाने हेतु बैरिकेडिंग के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत किये जाने हेतु लोनिवि को निर्देश दिये गये। केदारनाथ धाम आये श्रद्धालुओं को मन्दिर दर्शन में सरलता हो इस हेतु मन्दिर परिसर सहित लाइन व्यवस्था दुरुस्त रखे जाने के निर्देश दिये गये। श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व मधुर व्यवहार किये जाने तथा उनकी हर सम्भव मदद किये जाने के निर्देश दिये गये। खोया पाया केन्द्र को मजबूत बनाये जाने व अनाउंसमेंट सिस्टम को प्रभावी बनाये रखने के निर्देश दिये गये। केदारनाथ धाम सहित मन्दिर परिसर, गलियों में साफ–सफाई बनाये रखने हेतु नगर पंचायत केदारनाथ के पदाधिकारियों को निर्देश दिये गये।केदारनाथ धाम की पवित्रता व मर्यादा भंग करने व गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। पुलिस की क्यूआरटी टीम को निर्देश दिये गये धाम पहुंचे कतिपय यू–ट्यूबर्स एवं रील्स बनाने के नाम पर धाम की पवित्रता बिगाड़कर दूसरे तरीके से प्रस्तुत करने वालों पर भी नजर रखे जाने के निर्देश दिये गये।

## नैनबाग–घोड़ाखोरी मोटर मार्ग पर गड्ढे बनें परेशानी का सबब

नई टिहरी : नैनबाग–पतंवाड़ी–घोड़ाखोरी श्रीकोट मोटर मार्ग पर नैनबाग बाजार से लेकर डिग्री कॉलेज तक सड़क पर जगह–जगह बड़े–बड़े गड्ढे परेशानी का सबब बने हुए हैं। सड़क व इसके किनारे बनी नालियों की खस्ताहाल स्थिति होने के कारण बरसाती पानी सड़क पर आने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।पूर्व प्रधान नैनबाग गंभीर सिंह रावत का कहना है कि एक साल में लोनिवि की ओर से मोटर मार्ग पर पेंच भराई का कार्य दो बार किया गया। लेकिन गुणवत्तापरक कार्य न होने के कारण साल भर में अंदर ही भीतर ही सड़क का पेंच भराई उखड़ कर सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे बन गए हैं। कहा कि सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे व नालियों के खस्ताहाल के संबंध में विभाग को अवगत कराया गया है।

# कौशल विकास से रोजगार की अपार संभावनाएं : सिन्हा



नई टिहरी : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में जन शिक्षण संस्थान टिहरी के लाभार्थियों का 5 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। जिसमें लाभार्थियों को कौशल विकास योजनाओं की अहम जानकारियां देते हुए इनका अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की गई।

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु विकास संस्थान (निसबड) के आयोजित उद्यमिता विकास के 5 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर संस्थान की निदेशक डा. पूनम सिन्हा ने कहा कि उद्यमिता विकास के लिए यह प्रशिक्षण बहुत ही अहम है। इसे जीवन में उतारते हुए इसका प्रयोग कर इसका लाभ लें। कौशल विकास से रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। जिसके लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहने की आवश्यकता रहती है। कार्यक्रम में जेएसएस निदेशक विजय भट्ट ने कौशल विकास की अहम योजनाओं की जानकारी मौके पर देते हुए कहा कि कौशल विकास से व्यक्ति की क्षमता व कौशलता को जो विकास होता है। उससे रोजगार के अलावा जीवन को बेहतर बनाने काम किया जा सकता है। निसबड समन्वयक इंदु भट्ट व हारून अंसारी ने सभी मौजूद लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर आईटीआई के अमित बहुगुणा, कुलदीप सिंह रावत, एसएस पुंडीर, शिवानी पंवार, कार्यक्रम अधिकारी एसडी सेमवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कांग्रेस प्रोटोकाल को लेकर फिर मुख्य सचिव निशाने पर

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु प्रोटोकॉल को लेकर एक बार फिर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के निशाने पर आ गए हैं। इस बार कांग्रेस ने उन पर भाजपा विधायक शैलारानी को सम्मान नहीं देने का आरोप लगाया है।

केदारनाथ से भाजपा विधायक शैलारानी रावत ने मुख्य सचिव को ज्ञापन देने की फोटो अपनी फेसबुक में डाली है। जिसमें वो खड़ी होकर ज्ञापन सौंप रही हैं, जबकि मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु अपनी सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं। विपक्षी कांग्रेस ने इस फोटो को नौकरशाही द्वारा जनप्रतिनिधियों को सम्मान न देने के प्रतीक के तौर पर लिया है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने बयान जारी कहा कि लोकतंत्र में विधायिका और कार्यपालिका के लिए प्रोटोकॉल तय है। जिसमें निर्वाचित सांसद– विधायक के सामने प्रत्येक अधिकारी को प्रोटोकॉल के अनुसार अभिवादन देना होता है। गैरसैंण में जब वो विधायक भुवन कापड़ी, हरीश धामी और आदेश चौहान के साथ मुख्य सचिव से मिलने पहुंचे तो उस समय भी प्रोटोकॉल का पालन नहीं हुआ। तब सदन में मामला उठाने पर पीठ से सरकार को निर्देशित किए जाने के बावजूद सरकार, कार्यपालिका की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं ला पाई है। प्रीतम सिंह ने कहा कि इससे साफ है कि प्रदेश में सरकार का नौकरशाही पर नियंत्रण नहीं रह गया है।

उन्होंने इस घटनाक्रम की निंदा की है। कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि नौकरशाही, जनप्रतिनिधियों को सम्मान नहीं दे रही है। खुद भाजपा विधायक इसका शिकार हो रहे हैं, मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने भी इसे नौकरशाही के बेलगाम होने का उदाहरण बताया है।

## मालदेवता में बेकाबू कार की टक्कर से युवती की मौत मामले में केस दर्ज

देहरादून। मालदेवता में बेकाबू कार की टक्कर से जान गंवाने वाली युवती के मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार पुलिस ने कब्जे में ले ली है। कार चालक की तलाश की जा रही है। मालदेवता चौकी इंचार्ज राजीव धारीवाला ने बताया कि घटना बीते चार जून की है। मालदेवता रोड पर ऋचा उपाध्याय मूल निवासी पश्चिमी बंगाल अपने दोस्त के साथ स्कूटर से जा रही थी। वह स्कूटर पर पीछे बैठी थी। तभी पीछे से आई बेकाबू कार ने स्कूटर में टक्कर मारी। इस दौरान ऋचा नीचे गिरी। अस्पताल ले गए तो उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

# थराली को विकास की सौगात देने पर जनता ने सीएम और थराली विधायक का जताया आभार




चमोली : थराली के लोकप्रिय सौम्य स्वभाव के धनी मृदुभाषी विधायक भूपाल राम टम्टा द्वारा क्षेत्र में विकास कार्यों की बयार बहाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता ने उनका आभार जताया विगत दिवस शहीद भवानी दत्त शौर्य महोत्सव के अवसर पर पहुंचे सुबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा थराली विधायक भूपाल राम टम्टा द्वारा अपने क्षेत्र के विकास के लिए दीए 17 प्रस्तावों के ज्ञापन पर मुख्यमंत्री ने मोहर लगाकर इतिहास रच दिया, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओ सहित क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। मुख्यमंत्री ने सभी 17 प्रस्तावों पर हामी भरते हुए चेपड़ों शहीद मेले को राजकीय मेला, राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में भूगोल इ.ए तथा स्नातक स्तर पर विज्ञान इतिहास अंग्रेजी समाजशास्त्र विषयों की मंजूरी, ग्वालदम में पर्यटन कॉलेज की स्थापना, नंदा देवी मंदिर कुरुड़ बधाण गढ़ी, देवराडा, वाण मंदिरों को मानस खंड कॉरिडोर में शामिल करने, नारायणबगड़ में नर्सिंग कॉलेज की घोषणा, विश्व की सबसे लंबी पैदल यात्रा नंदा राजजात की तैयारी हेतु कार्य योजना बनाने, थराली व नंदा नगर में अल्ट्रासाउंड की सुविधा प्रदान करने तथा रेडियोलॉजिस्ट गायनोलॉजिस्ट की नियुक्ति करने, नारायणबगड़ और देवाल को नगर पंचायत बनाने, नारायण बगड़ पैतोली में उद्यान विभाग की नर्सरी प्रशिक्षण केंद्र खोलने नंदानगर घाट में उप निबंधक की नियुक्ति करने राजकीयमहाविद्यालय नारायणबगड़ में विज्ञान संकाय की घोषणा, कुलसारी खेल मैदान में बाढ़ सुरक्षा के कार्य सहित कई घोषणाएं की। जिस पर विकास पुरुष भूपाल राम टम्टा के अथक प्रयास के लिए मंडल अध्यक्ष नंदू बहुगुणा, पार्षद कृष्णपाल गुसाईं, एडवोकेट हरेंद्र सिंह नेगी आदि ने विधायक का धन्यवाद किया। (एजेंसी)

## एक नजर

### योगपीठ में इलाज का झांसा देकर ठग लिए 1.85 लाख

देहरादून। पतंजलि योगपीठ में इलाज के झांसे में एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गए। एसओ नेहरू कॉलोनी लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि धोखाधड़ी को लेकर राय सिंह रावत निवासी सरस्वती एंक्लेव, बद्रीपुर ने तहरीर दी। बताया कि पतंजलि में अपने इलाज के लिए उन्होंने गूगल पर सर्च किया। इस दौरान योगपीठ पतंजलि के नाम से बनी एक वेबसाइट पर वह बुकिंग के लिए गए। वहां अपनी जानकारी दर्ज की। बीते 17 मई को उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद का परिचय आचार्य गोपाल पांडे के रूप में दिया। उसने इलाज की बुकिंग का झांसा दिया। इसके बाद व्हाट्सएप पर कॉल कर एक खाता देकर उसमें कुल 1.85 लाख रुपये जमा करवा लिए। इसके बाद पीड़ित ने पतंजलि में संपर्क किया। तब पता लगा कि पीड़ित के साथ धोखाधड़ी हुई है। मामले पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यात्रा मार्ग की दुकानों पर लगेंगे डस्टबिन

देहरादून। निदेशक पंचायतीराज ओमकार सिंह ने यात्रा मार्गों के प्रमुख पड़ावों पर स्थित बाजारों में तीन दिन के अंदर डस्टबिन लगाने के निर्देश दिए हैं।

पंचायतीराज निदेशालय में आयोजित बैठक में सिंह ने कहा कि गत सप्ताह भ्रमण के दौरान उन्हें कई जगह यात्रा पड़ाव पर सफाई में कमी नजर आई, इसलिए सभी जगह यात्रा मार्ग पर पर दुकानों के बाहर डस्टबिन लगाए जाएं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में काम्पेक्टर भी लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में तैनात स्वच्छकों की हाजिरी बयोमैट्रिक के जरिए लगाई जाए। उन्होंने सभी जिला पंचायतराज अधिकारियों को जिलाधिकारी के माध्यम से 26 जनवरी 2024 के मौके पर दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए भी नामों की संस्तुति भेजने को कहा है। इस मौके पर उप निदेशक मनोज तिवारी के साथ ही सभी जिला पंचायतराज अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित हुए।

# डीएम ने अगस्त्यमुनि ब्लॉक के फलासी गांव में लगाई चौपाल, सुनी समस्याएं



रुद्रप्रयाग : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत आज जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने विकास खंड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत आने वाले फलासी गांव का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ चैपाल आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा स्थलीय निरीक्षण किया। ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 30 शिकायतें दर्ज की गई। जिनके यथाशीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए।

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय फलासी में आयोजित चैपाल में वन पंचायत सरपंच गोविंद सिंह करासी ने सड़क निर्माण से वन पंचायत को हुई क्षति तथा वृक्षारोपण व सुरक्षा दीवार के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की। वहीं फलासी के ग्रामीणों ने गांव में अमृत सरोवर बनाने, राउप्रावि के खेल मैदान का विस्तारीकरण, चाहरदीवारी के साथ ही खेतों में सिंचाई नहरों के निर्माण की मांग की।

ग्रामीण संतोषी देवी ने गौशाला निर्माण, कुलदीप लाल, दिनेश लाल, भवान सिंह व भागमल लाल ने आवास निर्माण, जबकि गजेंद्र सिंह द्वारा जल जीवन मिशन योजना के तहत पेजयल कनेक्शन उपलब्ध न होने तथा जीत सिंह नेगी ने गांव में मुख्य मार्गों के क्षतिग्रस्त संबंधी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा कुल 30 शिकायतें दर्ज की गई जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि विभागीय संचालित योजनाओं की भी जानकारी ली। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करने के अलावा विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों की संख्या व अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को गांव के समीप अमृत सरोवर का निर्माण, अनुसूचित बस्ती में सीसी मार्ग निर्माण, गौशाला निर्माण के अंतर्गत मिलने वाली धनराशि को बढ़ाने के साथ ही गांव में प्राथमिक उपचार केंद्र की स्थापना करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की।

जिस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज दर्ज की शिकायतों पर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों को भी विकास खंडवार गांव भ्रमण करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का गांव स्तर पर ही निराकरण किया जा सके। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने फलासी गांव में स्थित श्री तुंगेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन भी किए। ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी का माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम का संचालन खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीन भट्ट ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती बबीता भंडारी, वन सरपंच गोविंद सिंह करासी, पीएमजीएसवाई के अवर अभियंता भूपेंद्र सौर्याल, कनिष्ठ अभियंता प्रतीक भंडारी, ग्राम विकास अधिकारी अजय भट्ट, ग्राम प्रहरी महेंद्र करासी, त्रिलोचन भट्ट, आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रतिमा नेगी अन्य विभागीय अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। (एजेंसी)

# मसूरी की दशा नहीं सुधरी तो देहरादून तक पैदल मार्च निकालेंगे हरीश रावत



देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत बुधवार को मसूरी में सड़कों की बदहाली को लेकर धरने पर बैठे। उन्होंने यहां ऐलान किया कि मसूरी की हालत 15 दिन में नहीं सुधरती है तो वह मसूरी से देहरादून तक पैदल मार्च पर निकलेंगे।

किताबघर स्थित गांधी की मूर्ति के नीचे हरीश रावत की अगुवाई में बड़ी संख्या में कांग्रेसी धरने पर बैठे। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि मेरी तो समझ में नहीं आ रहा है कि कौन सी ऐसी रॉकेट टेक्नोलोजी की जरूरत है जो मसूरी में साधारण से मरमत के काम नहीं हो पा रहे हैं। सड़कों के गड्ढे नहीं भर पा रहे हैं। माल रोड शान है, मसूरी राज्य का अभिमान है और राज्य का सम्मान है। उस मसूरी की ऐसी दशा कर देंगे यह सरकार के लिए आईना है। कहा कि वह मसूरी के लोगों का दर्द देहरादून तक पहुंचाने का काम करेंगे। अगर 15 दिन में सड़कें नहीं बनती हैं तो मसूरी से देहरादून तक पैदल मार्च निकालेंगे। मसूरी की सड़कों की दुर्दशा होने के कारण लोगों का बड़ा नुकसान हो रहा है। सड़कों का चौड़ीकरण भी नहीं हो पाया जिससे आए दिन जाम की समस्या पैदा हो रही है। वन टाइम सेटेलमेंट के बावजूद आवासों को लेकर समस्या जस की तस बनी हुई है। इस दिशा में भी सरकार कोई कार्य नहीं कर रही है। हरीश रावत ने कहा कि भाजपा वाले अब कहीं भी जाएं, कुछ भी करें, उनका अब समय समाप्त हो गया है। 2024 में देश की लोकतांत्रिक शक्तियां सरकार बनाएगीं और लोकतांत्रिक सरकार का प्रधानमंत्री झंडा फहराएगा।

## राशन वितरण की व्यवस्था पर उठाए सवाल

देहरादून। इंदिरा कालोनी वार्ड की पार्षद सविता सोनकर ने बुधवार को स्थानीय लोगों के साथ कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पत्र सौंपकर मंत्री को अवगत करवाया कि क्षेत्र के कई राशनकार्डधारकों को समय से राशन नहीं मिल पा रहा। वितरण भी पारदर्शिता के साथ नहीं हो रहा। उनका कहना है कि जिस दुकान से लोगों को राशन मिल रहा था,उसके संचालक की तबियत खराब होने के बाद दूसरी दुकान के माध्यम से राशन दिया जा रहा था। छह माह तक व्यवस्था ठीक रही। लेकिन अब खाद्य आपर्ति विभाग तीसरी दुकान पर राशन भेज रहा है। जबकि लोग यहां से राशन लेने को तैयार नहीं है।

# पीआरडी के जरिए तकनीकी पदों पर भी होगी तैनाती

देहरादून। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पीआरडी के जरिए विभिन्न विभागों में अब तकनीकी पदों पर भी कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने इसके लिए जल्द विभागीय अधिकारियों को नियमावली तैयार करने के निर्देश दिए।खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को विधानसभा में पीआरडी विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने पीआरडी एक्ट में संशोधन पर मुहर लगा दी है। ऐसे में अब जल्द से जल्द नियमावली तैयार कर इसका जीओ जारी किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को एक महीने के भीतर नियमावली बनाने का काम पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि पीआरडी एक्ट में संशोधन से अब राज्य का अपना एक्ट बनने जा रहा है। जिसके तहत पीआरडी कर्मचारियों को कई सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नए पीआरडी एक्ट के तहत गर्भवती महिलाओं को मातृत्व अवकाश मिलेगा। साथ ही पीआरडी सेवक भी अब साठ साल तक नौकरी कर पाएंगे। अभी तक उन्हें सुरक्षा संबंधी कार्यों में ही तैनाती दी जाती थी लेकिन अब उनकी नियुक्ति तकनीकी पदों पर भी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवानों के लिए तैनाती की आयु सीमा अब 18 से 42 वर्ष की जा रही है।

# डाटकाली मंदिर का वार्षिकोत्सव 18 जून से शुरू होगा

देहरादून। डाटकाली मंदिर का 220वां वार्षिकोत्सव 18 जून से शुरू होने जा रहा है। 26 जून को यहां भव्य रात्रि जागरण होगा। वार्षिकोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।श्री मां डाटकाली(घाटेवाली) मनोकामना सिद्धपीठ से जुड़े सेवादल की बैठक में वार्षिकोत्सव की तिथि की घोषणा की गई। मंदिर के महंत रमन प्रसाद गोस्वामी की मौजूदगी में हुई बैठक में मंदिर सेवादल के दिनेश अग्रवाल और गौरव कुमार ने बताया कि रविवार 18 जून को भैरव पूजा के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। 19 जून को शिव पूजा, 20 जून को सुंदरकांड पाठ और 23 जून को झंडा परिक्रमा होगी। 26 जून को माता का भव्य जागरण होगा और अगले दिन 27 जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रात्रि जागरण में पंजाब, दिल्ली और उत्तराखंड के कलाकार प्रस्तुति देंगे।बैठक में मंदिर सेवा दल के नरसिंह दास, हरीश मारवाह, शुभम गोस्वामी, संजय गोस्वामी, शिवम गोयल, आचार्य शैलेंद्र थपलियाल, अनूप ममगाईं, प्रवीन जुयाल, विश्वजीत नेगी, सुनील आहूजा, धर्म सोनकर, विक्की खत्री, अक्षम महेंद्रु, विजय अरोड़ा, विकास मल्होत्रा, रोहित बेदी, अमित कर्णवाल, सूरज शर्मा, गौतम प्रजापति, पंकज चांदना मौजूद रहे।

## नगर निगम: दून में सफाई व्यवस्था की निगरानी महिला समूहों के जिम्मे होगी

देहरादून। नगर निगम के वार्डों में सफाई यूजर चार्ज कलेक्शन का काम स्वयं सहायता समूह करेंगे। प्रतिमाह कुल जमा राशि का एक हिस्सा समूह की सदस्य महिलाओं को आय के तौर पर दिया जाएगा।

इसके अलावा वाहनों की मॉनीटरिंग भी उनके ही स्तर से होगी।

हाल ही संयुक्त सचिव एवं राष्ट्रीय मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन रूपा मिश्रा ने देहरादून में निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उस दौरान हल्द्वानी नगर निगम की टीम ने अपने यहां बनाई गई बैणी सेना के बारे में प्रेजेंटेशन दिया था। जिसमें कहा गया था कि वहां पहले यूजर चार्ज कलेक्शन प्रतिमाह छह लाख रूपये था।

# नर्सों ने किया महानिदेशालय पर प्रदर्शन, कार्य बहिष्कार की चेतावनी

देहरादून। नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन ने स्वास्थ्य महानिदेशालय पर प्रदर्शन कर चिकित्सा शिक्षा से रिलीव किए गए कर्मचारियों का वेतन जारी करने की मांग की। एक सप्ताह के भीतर मांग पूरी न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी गई है।नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को डांडा लखौंड स्थिति स्वास्थ्य महानिदेशालय पहुंचा और महानिदेशालय पर प्रदर्शन किया। नर्सेज ने कुछ देर के लिए डीजी हेल्थ का घेराव किया और उन्हें कार्यालय में नहीं जाने दिया। हालांकि डीजी के समझाने पर नर्सेज मान गई। इससे पहले उन्होंने महानिदेशालय के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। नर्सेज एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी जखमोला ने डीजी हेल्थ डॉ विनीता शाह के साथ हुई वार्ता के दौरान कहा कि महानिदेशालय ने बिना पद समायोजित किए ही कर्मचारियों को चिकित्सा शिक्षा से हटाने के निर्देश दिए जिससे चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कर्मचारियों को रिलीव कर दिया। लेकिन पद समायोजित न होने की वजह से अब कर्मचारियों को दो माह से भी अधिक समय से वेतन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द नर्सेज का समायोजन कर उनका वेतन निकाला जाए। उन्होंने कहा कि वर्षों की सेवा के बाद कर्मचारियों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाना पूरी तरह गलत है और इसे किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

# सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन, चिलचिलाती धूप में रुला रहा जाम

## शादी व गर्मियों की छुट्टी के साथ ही बाजारों में बढ़ने लगी आवाजाही

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** शादियों के सीजन व गर्मियों की छुट्टी के साथ ही बाजार में आवाजाही करने वालों की भीड़ बढ़ने लगी है। नतीजा सड़कों पर पूरे दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होने लगी है। सबसे बुरी स्थिति नजीबाबाद रोड, देवी रोड, स्टेशन रोड की बनी हुई है। बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन यातायात में सबसे अधिक बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। यातायात पुलिस का ध्यान भी केवल दोपहिया वाहनों पर ही टिका हुआ है।

कोटद्वार को गढ़वाल का द्वार कहा जाता है। दिल्ली, देहरादून सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ जाने वाला व्यक्ति कोटद्वार शहर से होकर ही गुजरता है। वर्तमान में अधिकांश प्रवासी शादी, पूजा व गर्मी से निजात के लिए पहाड़ की ओर अपना रूख कर रहे हैं। यही कारण है कि इन दिनों कोटद्वार की सड़कों पर अधिक भीड़ देखने को मिल रही है। अतिक्रमण के कारण संकरी सड़कों पर आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े चौपहिया वाहन यातायात में सबसे अधिक बाधा उपत्पन्न कर रहे हैं। बुधवार को देवी रोड पर करीब आधा घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। यही हाल स्टेशन रोड व नजीबाबाद रोड पर भी देखने को मिला।

### गहरी नींद में सिस्टम

पहाड़ के सफर पर जाने वाले अधिकांश व्यक्ति कोटद्वार बाजार में खरीदारी करने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में बाजारों में पैदल चलने तक की बेहतर व्यवस्था नहीं है। गोखले मार्ग में जहां रेहड़ी–ठेली दुर्घटनाओं को न्यौता दे रही है। वहीं, मालिनी मार्केट, स्टेशन रोड सहित अन्य स्थानों पर व्यापारियों ने सड़क किनारे सफेद पट्टी के बाहर तक दुकानें सजाई हुई हैं। लगातार बिगड़ रही व्यवस्थाओं के बाद भी सरकारी सिस्टम गहरी नींद में सो रहा है।



कोटद्वार में देवी रोड में लगा वाहनों का लंबा जाम

# प्रशासन की टीम ने दुकानों का किया औचक निरीक्षण

पौड़ी : यमकेश्वर के नीलकंठ क्षेत्र में जिला अभिहित अधिकारी के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने कई दुकानों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने सभी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। टीम ने उपभोक्ताओं व लोगों से बंद पैकेट खाद्य सामग्री खरीदने से पूर्व लेबल व अंकित जानकारी को ठीक से पढ़कर ही खरीदने की अपील की।

जिला अभिहित अधिकारी एएसरावत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रचना लाल, आपूर्ति निरीक्षक ज्योति नेगी, उप राजस्व निरीक्षक विदेश तोमर की टीम ने निरीक्षण करते हुए सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा स्वामियों को व्यावसायिक गैस सिलेंडर ही उपयोग करने के निर्देश दिए। टीम ने दुकानदारों को खाद्य पंजीकरण प्रमाण पत्र भी उचित स्थान पर प्रदर्शित करने को कहा। टीम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में किसी भी खाद्य प्रतिष्ठान में निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी डेट का सामना पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम ने नीलकंठ बाजार में चना दाल, ब्रेड पकोड़ा, चांवल, आटा, बेकरी प्रोडक्ट के नमूने लेते हुए जांच के लिए खाद्य विश्लेषणशाला रुद्रपुर भेजे गए।

# बच्चों को चरित्रवान बनाना हर माता-पिता की जिम्मेदारी



कोटद्वार में आयोजित स्वयं सेवक संघ के कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते वक्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से बुधवार को हिन्दू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष में पदमपुर स्थित एक विद्यालय में मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने अभिभावकों से अपने बच्चों को चरित्रवान बनाने की अपील की।

शिवाजी के व्यक्तित्व निर्माण में जीजाबाई की भूमिका विषय पर आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता डा. सुरेखा घिल्डियाल ने कहा कि शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के आदर्श महापुरुषों में से एक हैं। जीजाबाई ने ही शिवाजी के अंदर साहस, धैर्य, युद्धनीति, स्त्री सम्मान जैसे गुण विकसित किए।

उन्होंने शिवाजी से सम्बंधित अनेक प्रसंगों का जिक्र करते हुए कहा कि किस तरह मां ने शिवाजी के अंदर बचपन से ही इन गुणों का विकास किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पतंजलि की प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य शोभा रावत ने कहा कि आज इंटरनेट के युग में बच्चों के चरित्र निर्माण में मां की भूमिका और भी बढ़ गई है। पतंजलि योग समिति इसी दिशा में कार्य कर रही है।

इस अवसर पर शारीरिक विभाग प्रमुख चन्दन नकोटी, नगर कार्यवाह प्रशान्त कुकरेती, जिला बौद्धिक प्रमुख सतीश देवरानी, जिला सम्पर्क प्रमुख मनीराम, परिवार प्रबोधन प्रमुख गबर सिंह और प्रचार प्रमुख राजेश जोशी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# अधिक से अधिक उठाएं सरकारी योजनाओं का लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** भारतीय जनता महिला मोर्चा की ओर से घर-घर जाकर आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने आमजन से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

मंगलवार को पदााधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घर में जाकर उनसे योजना के अनुभव साझा किए। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार प्रत्येक व्यक्ति के हित को देखते हुए योजनाएं चला रही है। ऐसे में हमें अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। अभियान के दौरान आमजन को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक मीनू डोबरियाल, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रजनी बिष्ट, जिला महामंत्री लक्ष्मी नेगी, पार्षद नीरूबाला खंतवाल, आशा ध्यानी, मानेश्वरी बिष्ट, सुमनलता, लखपति, लक्ष्मी नेगी, माया शाह, किरन राजपूत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में अभियान चलाती भाजपा महिला कार्यकर्ता

# किशनपुरी में महिला ने खाया विषाख्त, मौत

**कोटद्वार :** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत किशनपुरी में एक महिला ने विषाख्त पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि किशनपुरी निवासी सूमा देवी 32 वर्ष को गंभीर हालत में राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया था। बताया कि बेस चिकित्सालय में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला ने विषाख्त का सेवन किन कारणों से किया इस बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद उसे स्वजनों के सुपुर्द कर दिया।

# ब्लॉक प्रमुख ने मंच व यात्री शैड का किया लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** कल्जीखाल ब्लॉक प्रमुख मीना राणा व द्वारीखाल ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने खैरालिंग महादेव मंदिर में मंच व यात्री शैड का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को क्षेत्र के बेहतर विकास का आश्वासन दिया।

ऐतिहासिक खैरालिंग मुण्डेश्वर महादेव मेले में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख कल्जीखाल बीना राणा व ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र सिंह राणा का ग्रमीणों ने ढोल दमाऊं के साथ स्वागत किया। पट्टी बारहस्यूं के अन्तर्गत असवालस्यूं पट्टी के सांगुडा गांव में खैरालिंग महादेव का बहुत महत्व है, आदिकाल से ही खैरालिंग देवता का ग्रामीण पूजन करते आ रहे है। मेले के प्रथम दिन ग्राम मिरचौड़ा, थैर, रिठोली के ग्रामीणों ने गाजे-बाजों के साथ मंदिर में ध्वजा चढाई।

कार्यक्रम में प्रमुख बीना राणा, महेन्द्र सिंह राणा, मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल नेगी, सचिव विवेक नेगी, कनिष्ठ उपप्रमुख अर्जुन पटवाल, पूर्व ज्येष्ठ उपप्रमुख महेन्द्र सिंह मवाड़ा, जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेन्द्र सिंह, उत्तम सिंह, राकेश मोहन, प्रधान अजय पटवाल, अशोक रावत, बीजेपी मण्डल अध्यक्ष यशोदा पटवाल, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जयकृत सिंह, प्रवेन्द्र नयाल, सुरजीत सिंह, दीपक असवाल, भारतभूषण, खण्ड़ विकास अधिकारी जगमोहन सिंह बिष्ट, प्रधान सुनील नेगी, प्रधान संगठन अध्यक्ष रमेशचन्द्र शाह आदि मौजूद रहे।

### खैरालिंग मेले में उमड़े श्रद्धालु

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक के ऐतिहासिक खैरालिंग महादेव मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस पौराणिक मेले में असवालस्यूं, मनियारस्यूं, पटवालस्यूं, कफोलस्यूं पट्टियों के श्रद्धालुओं सहित प्रवासी लोगों ने भी खैरालिंग महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

कोरोना काल के बाद इस साल बड़ी तादाद में यहां श्रद्धालु पहुंचे। सांगुडा गांव में खैरालिंग महादेव मंदिर परिसर में मेले में ग्रामीण ढोल दमाउं की थाप सुनाई दी। पहले दिन ग्राम मिरचौड़ा, थैर, रिठोली के ग्रामीणों ने मंदिर में ध्वजा चढ़ाई।

# प्रधानाचार्य के पदों पर शत प्रतिशत पदोन्नति की जाए

## शिक्षकों ने उठाई समस्याओं के निराकरण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राजकीय शिक्षक संघ ने प्रधानाचार्य के पदों पर शत प्रतिशत पदोन्नति करने की मांग की है। कहा कि पूर्व में कई बार शिकायत के बाद भी शिक्षकों की अनदेखी की जा रही है।

राजकीय शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक संगठन कार्यालय राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र तोमर की अध्यक्षता मेंआयोजित की गई। बैठक में शैक्षिक उन्नयन एवं शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श कर सरकार से निस्तारण की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से लगभग अधिकांश विद्यालयों में प्रधानाचार्य व शिक्षकों के पद रिक्त हैं, जिसके कारण शिक्षण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रधानाचार्य सहित सभी कार्य दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, जिसके कारण समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। मांग की गई कि प्रधानाचार्य के सभी पद शत प्रतिशत पदोन्नति से भरे जाने चाहिए। अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में विभाग द्वारा स्पष्ट आदेश न होने के बावजूद शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश में रोके जाने पर नाराजगी व्यक्त की है, जिन शिक्षकों को विद्यालय में रोका गया है उनके लिए प्रतिकर, उपार्जित अवकाश दिए जाने हेतु स्पष्ट आदेश जारी किए जाने चाहिए। लंबे समय से इंतजार के बाद 6 व 7 जुलाई को अल्मोड़ा में होने वाले राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अधिवेशन के संबंध में सभी शिक्षकों का आह्वान किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें। प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को अपनी शाखाओं के माध्यम से वर्ष 2023-24 की सदस्यता अवश्य ग्रहण की जानी चाहिए। वही शिक्षक अधिवेशन में प्रतिभाग कर पाएंगे जिनकी सदस्यता 15 जून तक जमा होगी। बैठक में सरकार से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर अनुभूति पूर्व विचार कर जल्द से जल्द निस्तारण की मांग की गई। जिससे शैक्षणिक व्यवस्थाओं में सुधार हो सके। बैठक में जिला मंत्री बिजेंद्र सिंह बिष्ट, विजेंद्र तोमर, पूर्व जिला मंत्री मनमोहन सिंह चौहान, मुकेश रावत, पारितोष रावत, आशीष खर्कवाल, संजय रावत, भाष्कर भारद्वाज, डबल सिंह रावत, रतन सिंह बिष्ट, अब्बल सिंह रावत, धीरेंद्र रावत, पंकज ध्यानी, गणेश पसबोला, राजेन्द्र भण्डारी, रतन बिष्ट, संदीप बिष्ट, योगेश घिल्डियाल, मुकेश बहुगुणा, राजकुमार चौधरी, अनूप नेगी, दीपक शर्मा, मनीष रावत, गजेन्द्र रावत, अर्जुन पंवार, नरेंद्र रावत, कविंदर मोहन उनियाल, सरिता रौतेला आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित बैठक में भाग लेते शिक्षक

# कांग्रेस जिला कार्यकारिणी जल्द गठित की जाए

**श्रीनगर गढ़वाल :** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर की एक महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए ब्लॉक कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी के साथ–साथ सभी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का गठन पर चर्चा हुई। इस दौरान बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने हेतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुझाव रखे।

इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव एवं उसके बाद लोकसभा के चुनाव प्रस्तावित है। जिसके मद्देनजर संगठन को मजबूत करने के लिए हर गांव घर-घर जाने का रोड मेप तैयार किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहनानन्द डोभाल, डा. प्रताप भंडारी, सेवादल जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चंद और ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर भंडारी ने पंचायत अध्यक्षों के साथ सभी जिला कार्यकारिणी का शीघ्र गठन करने की बात कही। इस अवसर पर जगदीश बड़वाल, दिनेश स्नेही, गम्मा सिंह, कुसुमलता गुसाईं, मीनाक्षी पोखरियाल, पल्लवी राज, प्रदीप थपलियाल, दीपक सजवाण, किशोर पोखरियाल, रामलाल नौटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# दुकान में आग लगाने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## अभियुक्त ने बदले की भावना से दुकान में लगाई थीं आग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिले की श्रीनगर पुलिस ने दुकान में आग लगाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने बदला लेने के लिए दुकान में आग लगाई थी। एसएसपी श्वेता चौबे ने अभियुक्त के विरूद्ध लुक आउट नोटिस जारी करवाया था।

26 मई 2023 को वादिनी श्रीमती कामनी देवी पत्नी दीपक मनोचा निवासी जीजीआईसी रोड़ श्रीनगर जनपद पौड़ी गढ़वाल ने कोतवाली श्रीनगर पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी नगर पालिका तिराहा के निकट स्थित दुकान पर आग लगा दी। साथ ही दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिये। इससे उनका करीब साल लाख का नुकसान हुआ है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली श्रीनगर पर आईपीसी की धारा 436/427 तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक रणवीर चन्द्र रमोला को सौंपी गई। एसएसपी पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुये अभियोग का सफल निस्तारण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल, क्षेत्राधिकारी श्रीनगर श्याम दत्त नौटियाल के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मंगलवार देर सांय को अभियुक्त को देहरादून से गिरफ्तार किया। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

एसएसपी श्वेता चौबे ने बताया कि अभियुक्त शिवम गांधी पुत्र स्व. रामपाल गांधी निवासी चिपयान मोहल्ला घुमरान रोड़, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी सांई बाबा एनक्लेव, फेज-1 डेराखास, पटेलनगर, देहरादून ने पुलिस पूछताछ में बताया कि श्रीमती कामिनी की दुकान कामिनी गारमेंट्स नगर पालिका तिराहा श्रीनगर के पास ही अभियुक्त की फड़ फेरी की दुकान है। जिसे कामनी देवी द्वारा हटवा दिया गया था। जिस कारण अभियुक्त व उसके परिवार को काफी नुकसान हुआ, जिस सदमें से अभियुक्त के पिता रामपाल ने आत्महत्या की। जिस कारण बदले की भावना को लेकर अभियुक्त द्वारा इस प्रकार की आगजनी की घटना कारित की गयी। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रणवीर चंद्र रमोला, उपनिरीक्षक वेदप्रकाश, मुख्य आरक्षी संजय कुमार, आरक्षी बचन सिंह, आरक्षी सीआईयू हरीश आरक्षी साइबर सेल अरविन्द आदि शामिल थे।

# गैर शैक्षणिक गतिविधियों से होगा बच्चों का सर्वांगीण विकास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अल्मोड़ा से प्रकाशित बच्चों की पत्रिका बालप्रहरी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास लालढ़ांग हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में लालढांग में बच्चों का 5 दिवसीय समर कैंप बाल लेखन कार्यशाला शुरू हो गई है। कार्यशाला में बच्चों को पेपर मैसी के तहत अखबार के टुकड़ों से खिलौने बनाने सिखाएं। बच्चों ने अखबार के टुकड़ों से परात, थाली, प्लेट, कटोरे आदि तैयार किए।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास लालढ़ांग में आयोजित समर कैंप का उद्घाटन करते हुए छात्रावास के अधीक्षक योगेश्वर सिंह ने कहा कि गैर शैक्षणिक गतिविधियों से भी बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि लालढांग में 8, 9 एवं 10 जून को आयोजित राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी में भी समर कैंप के चयनित बच्चे प्रतिभाग करेंगे। समर कैंप के मुख्य संयोजक बालप्रहरी के संपादक एवं बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा के सचिव उदय किरौला ने कहा कि समर कैंप में बच्चों को कविता, कहानी आदि साहित्य की विधाओं के साथ ही खेल गतिविधियां कराई जाएंगी। समर कैंप के समापन समारोह में बाल कवि सम्मेलन होगा। जिसका संचालन व अध्यक्षता बच्चे करेंगे। कार्यशाला में प्रत्येक बच्चे की लगभग 15 पेज की हस्तलिखित पुस्तक तैयार होगी।

समर कैंप की शुरुआत 'ज्ञान का दीया जलाने' समूह गीत से हुई। बच्चों को निबंध लेखन की बारीकियां बताई गई। इस दौरान बच्चों ने हस्तलिखित पुस्तक के लिए मेरा परिचय, जीवन की घटना, ड्राइंग आदि तैयार किया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज किनसुर के शिक्षक महेंद्र सिंह राणा, आकाश कांत, आशीष अग्रवाल, दीपक रतूड़ी, मंगेश, मीना, दीपा, संतोषी, हास्टल वार्डन योगेश्वर सिंह, गोपाल रतूड़ी, तेजस्वी, उत्कर्षा आदि उपस्थित थे।



### बच्चों को कहानी लेखन की बारीकियां बताई

साहित्यकार प्रकाश पांडे ने बच्चों को कहानी लेखन की बारीकियां बताई। बच्चों ने दिए गए विषय के आधार पर कविताएं तैयार की। कवियों की अधिक संख्या देखते हुए आयोजकों ने कवि बनने के लिए साक्षात्कार कराया। साक्षात्कार के तहत प्रत्येक कवि को नृत्य भी प्रस्तुत करना था। बाद में बाल कवि सम्मेलन के लिए अध्यक्ष तथा संचालकों का चुनाव खुले मतदान से कराया गया।

भारत ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष विजय भट्ट, महासचिव एसएस रावत ने कबाड़ से जुगाड़ के तहत बेकार पड़े सामान से विज्ञान के कई प्रयोग बच्चों को सिखाए। बच्चों ने मेरे जीवन की घटना, चुटकुले, मेरी दादी-दादा, नाना-नानी, हमारा हास्टल आदि विषय पर निबंध लिखा।

# शुभम करेंगे साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व



अल्मोड़ा : अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के क्षेत्र में मुकाम हासिल करने वाले नगर के शुभम महरा का चयन एशियन बॉडी बिल्डिंग कम्प्टीशन के लिए हुआ है। अब वह अगले माह मालदीव में होने जा रहे कम्प्टीशन में भारत का नेतृत्व करेंगे। गोवा में आयोजित आईबीबीएफ की इंडियन टीम ट्रायल प्रतियोगिता में अल्मोड़ा के शुभम महरा का चयन एशियन बॉडी बिल्डिंग कम्प्टीशन के लिए हुआ है। साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स फेडरेशन की 13वीं साउथ एशियन बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप 2023 आगामी जुलाई माह में 05 से 09 तारीख तक मालदीव में आयोजित होने जा रही है। जिसमें शुभम भारतीय टीम में शामिल होकर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। विदित हो कि शुभम मेहरा दो बार मिस्टर अल्मोड़ा, दो बार मिस्टर कुमाऊं यूनिवर्सिटी, एक बार मिस्टर यूपी रह चुके हैं और नॉर्थ जोन चैम्पियनशिप में ब्रांज मेडल जीत चुके हैं। इसके अतिरिक्त शुभम ने कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है और एशियन बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर उन्होंने सफलता प्राप्त की है। मूल रुप से बागेश्वर जिले के कौसानी के शुभम, वर्तमान में अल्मोड़ा के पूर्वी पोखरखाली मोहल्ले में निवास करते हैं और रघुनाथ सिटी मॉल अल्मोड़ा में प्योर फिटनेस स्टूडियो जिम का भी संचालन करते हैं। शुभम के पिता डॉ. महेन्द्र सिंह महरा हरीदत्त पेटशाली इण्टर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं ।

# डीएम ने किया रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर का निरीक्षण



अल्मोड़ा : जिलाधिकारी विनीत तोमर ने आज विकास खण्ड हवालबाग स्थित रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आउट रीच, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उद्यमियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संस्थान के प्रबन्धक को निर्देश दिए कि हवालबाग विकासखण्ड के प्रत्येक गांव से एक उद्यमी को इस संस्थान से अवश्य जोड़ा जाए तथा जनप्रतिनिधियों के साथ हमेशा सम्पर्क बनाया जाय जिससे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इस संस्थान के कार्यों का महत्व प्रत्येक गांवों तक पहुँच सके। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर संस्थान के उत्पादों की ऑनलाइन सूची व उनके मूल्यों को भी देखा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्थान की आधारभूत संरचना का उपयोग अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी किया जाय। इस अवसर पर रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर के प्रबन्धक योगेश भट्ट ने जिलाधिकारी को संस्थान द्वारा उद्यमियों को दी जा रही सुविधाओ और किए जा रहे क्रिया–कलापों की विस्तृत जानकारी दी।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर चालक गिरफ्तार, डंपर सीज

अल्मोड़ा : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु द्वारा जनपद के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों, निरीक्षक/उपनिरीक्षक यातायात व इण्टरसेप्टर प्रभारी को सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियम का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

बुधवार को इण्टरसेप्टर प्रभारी टीएसआई सुमित पाण्डे द्वारा हैड कांस्टेबल सुनील कुमार व कांस्टेबल ललित बिष्ट के साथ चेकिंग के दौरान वाहन संख्या–यूके–02सीए–0388 डम्पर के चालक तारा सिंह बिष्ट, निवासी चौखुटा, नैनीताल को शराब पीकर वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन डंपर को सीज किया गया तथा वाहन चालक के डीएल निरस्तीकरण हेतु परिवहन विभाग को रिपोर्ट प्रेषित की गई है। अल्मोड़ा पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान के दौरान चालानी कार्यवाही के साथ–साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के उल्लंघन पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कानूनी प्रावधानों, जुर्माना आदि की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। (एजेंसी)

## यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने को चलाया अभियान

अल्मोड़ा : बुधवार को प्रभारी निरीक्षक रानीखेत अरुण कुमार द्वारा पर्यटन सीजन के दृष्टिगत नगर रानीखेत व मजखाली बाजार क्षेत्र में सुदृढ़/सुचारु यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस टीम के साथ अतिक्रमण एवं यातायात सम्बन्धी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर रानीखेत में केमू स्टेशन से विजय चौक तक यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु दुकान का सामान सड़क किनारे लगाकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों एवं नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए भविष्य के लिए सख्त हिदायत दी गई।

## पूर्व लैब टेक्निशियन के निधन पर जताया शोक

अल्मोड़ा : डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन अल्मोड़ा के जिला कोषाध्यक्ष कैलाश पपनै के पिता बीडी पपनै का असामयिक निधन हो गया। स्व. बीडी पपनै बेस अस्पताल अल्मोड़ा से लैब टेक्निशियन के पद से वर्ष 2008 में सेवानिवृत्त हुए थे। उनके निधन पर जिले के फार्मासिस्टों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।एसोसिएशन ने एक शोकसभा कर पूर्व लैब टेक्निशियन बीडी पपनै के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शोकसभा में एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जोशी, आनंद बल्लभ जोशी, बीडी साह, लक्ष्मीदत्त गहतोड़ी, गजेंद्र पाठक, बीसी वर्मा, केएन रिखाड़ी, केएस अधिकारी आदि कई फार्मासिस्ट शामिल रहे। (एजेंसी)

# रानीखेत में पर्यटन को बढ़ावा देने को मांगे सुझाव




रानीखेत : अल्मोड़ा जनपद की पर्यटन नगरी रानीखेत में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संयुक्त मजिस्ट्रेट जयकिशन की तरफ से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में रानीखेत क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए पर्यटन स्थलों के चिह्निकरण पर चर्चा हुई और सुझाव आमंत्रित किए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पर्यटन अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में रानीखेत क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं और पर्यटकों को आकर्षित के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष चौधरी ने दलमोठी में प्रस्तावित जंगल सफारी, चौबटिया–कुनेलाखेत क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग सहित साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने, रानीखेत नगर क्षेत्र में पार्कों के जीर्णोद्धार, वॉटर टैंक एक्वेरियम, दीवारों में कुमाऊंनी कलाकृतियां बनाए जाने पर जोर दिया। केएमवीएन के पूर्व निदेशक मंडल सदस्य डीएन बड़ोला ने रानीखेत क्षेत्र के पौराणिक मंदिरों को मानसखंड सर्किट से जोड़ने, आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने पर्यटकों के लिए वैलनेस, हीलिंग सेंटर स्थापित करने का सुझाव दिया। बैठक में आदि बद्री मंदिर कुंवाली, झूला देवी मंदिर, बिनसर महादेव मंदिर, हैड़ाखान मंदिर को मंदिर माला मिशन में रखने को लेकर चर्चा की गई।

# समय के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाना जरूरी : राज्यपाल



नैनीताल : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में होटल एसोसिएशन, नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्यपाल ने पदाधिकारियों के साथ नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाओं और अवस्थापना विकास से संबंधित चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की और उनके सुझाव प्राप्त किए।

बैठक में राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल का प्राकृतिक सौंदर्य और झील देश एवं विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करता है। नैनीताल में पर्यटकों हेतु सुविधाएं बढ़ाने के लिए सामुहिक प्रयास करने होंगे। उन्होनें कहा कि समय के अनुरूप अवस्थापना सुविधाओं को विकसित किया जाना जरूरी है, इस ओर सरकार द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से पर्यटन क्षेत्र में मॉर्डनाइजेशन व वैल्यू एडिशन किए जाने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए टनल पार्किंग, मल्टीस्टोरी पार्किंग व रोप वे आदि से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है इसके लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा नैनीताल में पर्यटन व्यवसाय में आ रही चुनौतियों के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया। पदाधिकारियों द्वारा मुख्य रूप से शहर की पार्किंग क्षमता बढ़ाये जाने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने, नैनीताल स्थित रक्षा संपदा की भूमि को पार्किंग के रूप में विकसित किए जाने, पुराने होटलों के पुर्ननिर्माण कार्यों की स्वीकृति दिए जाने, कुमाऊं हेतु विशेष ट्रेनों के संचालन किए जाने, नैनीताल में हैलीपोर्ट बनाए जाने व हैली सेवाओं से जोड़ने जैसे सुझाव व समस्याओं से अवगत कराया।

राज्यपाल ने सभी समस्याओं के लिए उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन के अलावा मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री से वार्ता कर सुझावों पर अमल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ सुझावों पर कार्यवाही गतिमान भी है। बैठक में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पर्यटकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए

नैनीताल : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बोट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर नैनी झील में बोट संचालन की चुनौतियों के संबंध में चर्चा की और पदाधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए। राज्यपाल ने कहा कि नैनी झील प्रकृति का बड़ा उपहार हम सभी के लिए है। नैनीताल की झील यहां आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र है। यहां पर आने वाला हर पर्यटक बोटिंग अवश्य करता है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि बोट संचालन उनके रोजगार का बड़ा साधन है। जिस पर कई परिवारों की आर्थिक स्थिति निर्भर करती है। उन्होंने नैनी झील में बने बोट स्टेंड में शेल्टर बनाए जाना का सुझाव दिया, जिससे बरसात के मौसम में पर्यटकों को खड़े होने की सुविधा हो सके। इसके साथ-साथ झील की सफाई की मॉनीटरिंग करने का सुझाव भी पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। उन्होंने झील के सौंदर्यीकरण और सड़क की मरम्मत की जरूरत बताई। राज्यपाल ने कहा कि इन सुझावों को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसिंह बिष्ट और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# सुंई डुंगरी–कोलीढेक मोटर मार्ग में देरी को लेकर ग्रामीणों में पीडब्ल्यूडी के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली

चम्पावत। सुंई डुंगरी–कोलीढेक मोटर मार्ग में देरी को लेकर गांव के लोगों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि अगर मोटर मार्ग का कार्य पूरा न हुआ तो वह लोकसभा चुनाव का बहिष्कार और डीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे।

बुधवार को गलचौड़ा में उप प्रधान योगेश ओली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कहा कि करीब ढाई किमी लंबी कोलीढेक–सुई डुंगरी मार्ग पर पूर्व में दो किमी. तक मार्ग का डामरीकरण पूरा हो गया था। उन्होंने बताया कि लोनिवि की ओर से अधूरे कार्य को पूरा कराने के लिए टेंडर प्रक्रिया करने के बाद ठेकेदार ने निर्माण कार्य शुरू किया। लेकिन ठेकेदार ने 500 मीटर मार्ग पर पत्थर बिछाने के साथ जगह–जगह स्क्रबर का आधा अधूरा काम छोड़ कर काम बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि एक महीना हो गया है काम बंद हुए। अधूरे काम के कारण कई जगह लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लोनिवि से जल्द अधूरे कार्य को पूरा करने की मांग उठाई। इस मौके पर एडवोकेट सुधीर चतुर्वेदी, मोहन ओली, मयंक ओली, देवेश चतुर्वेदी, हरीश चतुर्वेदी, विनोद ओली, पंकज ओली आदि मौजूद रहे।

## बहन से मिलने आए युवक की छत से गिरने से मौत

चम्पावत। छत से गिरने से पिथौरागढ़ निवासी के एक युवक की मौत हो गई। युवक अपनी बहन से मिलने गैड़ाखाली आया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार उमेद राम (39) पुत्र कालू राम, निवासी मुवानी, पिथौरागढ़ कुछ दिन पहले बहन से मिलने गैड़ाखाली आया था। एसएसआई बची सिंह बिष्ट ने बताया कि उमेद राम मंगलवार रात घर की छत पर गया था। छत से उतरने के दौरान उमेद राम का पैर फिसल गया और वह जमीन पर गिर गया। परिजन घायल उमेद को लेकर उप जिला अस्पताल पहुंचे। डॉ.आफताब आलम ने बताया कि युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई थी।

## बकरी चराने जंगल गई युवती फिसलकर खाई में गिरी

बागेश्वर। बिलखेत गांव निवासी एक 19 साल की युवती पिरुल में फिसलकर गहरी खाई में गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को ग्रामीण जिला अस्पताल ले गए। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे होश नहीं आया है। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार 19 साल की सुमन पुत्री मदन राम निवासी बिलखेत कांडा बुधवार की सुबह बकरी चराने के लिए जंगल गई हुई थी। इस दौरान उसका पिरुल में पैर फिसल गया। वह गहरी खाई में गिर गई। आसपास के लोगों ने इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी।

# भंडारे का खाना खाने से तीन बच्चों समेत 10 बीमार



पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ जनपद के बनेला गांव में रात्रि जागरण का भंडारा खाने के बाद तीन बच्चों समेत दस ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई। भंडारे में पूड़ी और आलू–गोभी की सब्जी खाने के बाद मंगलवार सुबह ग्रामीणों को उल्टी–दस्त की शिकायत शुरू हो गई। खाना खाने के बाद तबीयत अत्यधिक बिगड़ने पर 10 ग्रामीणों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हैरानी की बात थी कि फूड प्वाइजनिंग के शिकार रोगियों को अस्पताल पहुंचाना ग्रामीणों के लिए चुनौती साबित हुआ। गांव में सड़क न होने के कारण कोई रोगी सात किमी पैदल चलकर मुख्य सड़क तक पहुंचे थे। जबकि, कुछ बीमार लोगों को ग्रामीणों ने डोली से लेकर सड़क तक पहुंचे। तब कहीं जाकर उन्हें स्वास्थ्य सुविधा मिली। सड़क नहीं होने से ग्रामीणों ने काफी आक्रोश है। वह पिछले कई सालों से सड़क की मांग कर रहे हैं। अधिवक्ता श्याम सिंह भंडारी ने बताया कि सड़क के अभाव में गंभीर रोगियों को ग्रामीणों ने डोली से मुख्य सड़क तक पहुंचाया। करीब दो घंटे लगातार खड़ी चढ़ाई में चलने के बाद वह मुख्य सड़क चौरपाल पहुंचे। यहां से रोगियों को वाहन के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। तब चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया। उन्होंने कहा कि सड़क की मांग को लेकर ग्रामीण बीते 15 सालों से आंदोलन कर रहे हैं। बावजूद इसके शासन–प्रशासन गांव को सड़क से नहीं जोड़ सका। इसका खामियाजा आए दिन ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

# गर्भवती को अस्पताल ला रही एंबुलेंस मकान की छत पर पलटी

## गंभीर चोट लगने से बुजुर्ग महिला घायल, हायर सेंटर रेफर



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा जनपद के तहसील मुख्यालय रानीखेत के निकटवर्ती ग्राम किलकोट के पास गर्भवती महिला को अस्पताल लाते वक्त एंबुलेंस पलट गई। जिसमें गर्भवती महिला के साथ तीमारदार के रुप में आई बुजुर्ग महिला गंभीर चोट लगने से घायल हो गई। जिसे हल्द्वानी रेफर कर दिया है। वाहन में मरीज समेत पांच लोग सवार थे। राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र सदर रानीखेत अन्तर्गत ग्राम किलकोट (ऐरोली) में एंबुलेंस 108 आपातकालीन की यह दुर्घटना दोपहर 1:30 बजे हुई। रानीखेत तहसील से मिली जानकारी के अनुसार गर्भवती दीपा नेगी पत्नी चन्दन सिंह नेगी को ग्राम गंगोड़ा से राजकीय चिकित्सालय रानीखेत को लाते समय किलकोट में एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी और धर्मा देवी पत्नी स्व. भूपेन्द्र राम के मकान के छत में पलट गई। इस एंबुलेंस में चालक मनोहर पुत्र केशव राम, एएनएम सुषमा पुत्री गणेश दत्त जोशी, मरीज 29 वर्षीया दीपा नेगी पत्नी चन्दन सिंह नेगी, 65 वर्षीया राधिका देवी एवं 50 वर्षीय टीका राम पुत्र किशन राम सवार थे। इसमें राधिका देवी को हायर सेन्टर रेफर किया गया है, उसके पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। बांकी अन्य 04 व्यक्तियों को हल्की चोटें आयी हैं, जिनका उपचार गोविन्द सिंह मेहरा राजकीय चिकित्सालय रानीखेत में चल रहा है। चालक के अनुसार स्टेयरिंग लॉक होने से यह हादसा हुआ।

## सेवा विस्तार की मांग को लेकर उपनल कर्मचारियों का धरना जारी

बागेश्वर। सेवा विस्तार की मांग को लेकर उपनल कर्मचारियों ने बुधवार को नारेबाजी के साथ धरना दिया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि मंगलवार को जिला प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा जिले में आए थे। उन्हें भी ज्ञापन सौंपकर सेवा विस्तार की मांग की है। मंत्री आश्वासन तो दे रहे हैं, लेकिन सेवा विस्तार आज तक नहीं किया है। उन्होंने सेवा अवधि बढ़ाने की मांग की। इस दौरान संजय कन्नौजिया, बलवंत नगरकोटी, रीता देवी, ऋतु, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

# पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण को छात्रों ने दिया ज्ञापन

बागेश्वर। पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण को छात्र मुखर हो गये है। बुधवार को छात्रों ने समस्याओं के निराकरण को विवि कुलपति प्रो. जेएस बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। जल्द मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं जल्द कराने, जमा हुए अतिरिक्त परीक्षा शुल्क को छात्रों को वापस करने, महाकक्ष का समाधान करने, छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध कराने और पीएचडी के विद्यार्थियों का परीक्षाफल ठीक करने की मांग उठाई। छात्रों ने कहा कि विवि का सत्र एक सेमेस्टर पीछे चल रहा है। दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होने का समय होने को है। लेकिन अब तक पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं का रिजल्ट भी जारी नहीं हो पाया है। जिससे छात्रों को दूसरी जगह प्रवेश लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। छात्रों ने तय समय से विवि की परीक्षाएं कराने की भी मांग उठाई। मांगे जल्द पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में आशीष जोशी, राजकमल जोशी, भुप्पी कोरंगा, विशाल उप्रेती, गरिमा जोशी, सोनी जोशी समेत कई छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## जल संस्थान कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने दूसरे दिन भी दिया धरना

बागेश्वर। लंबित मांगे पूरी नहीं होने पर जल संस्थान कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने नाराजगी जताई है। विरोध में उनका धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन जारी रहेगा। मोर्चा से जुड़े कर्मचारी बुधवार को जल संस्थान कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उन्हें पूर्व में कई बार आश्वासन दिया। इसके बाद भी अभी तक उनके वेतन व ईपीएफ का भुगतान नहीं हुआ है। अल्पवेतन पाने वालों को भी तीन महीने से आज तक वेतन नहीं दिया गया है।

# डा. मनोरमा ढौंडियाल व डा. ललन बुड़ाकोटी को मिला साहित्यांचल रत्न सम्मान


डा. मनोरमा ढौंडियाल व डा. ललन बुड़ाकोटी को सम्मानित करते साहित्यांचल संस्था के सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बेहतर सामाजिक कार्यों के लिए साहित्यांचल संस्था की ओर से डा. मनोरमा ढौंडियाल व डा. ललन बुड़ाकोटी को साहित्यांचल रत्न सम्मान दिया गया है। नजीबाबाद रोड स्थिति एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनार्दन बुडाकोटी, प्रो. नंद किशोर ढौंडियाल, वेदप्रकाश माहेश्वरी, चक्रधर शर्मा, योगेश पांथरी, अशोक निर्दोष व डा. ललन बुडाकोटी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वजलित कर किया। संस्था के अध्यक्ष जनार्दन बुड़कोटी ने पचास वर्षों की साहित्य साधना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अब तक संस्था पांच सौ पुस्तकों का प्रकाशन कर चुकी है। प्रो. नंद किशोर ढौंडियाल ने कहा कि पचास वर्षों तक निरंतर साहित्य का प्रकाश करना संस्था के लिए गौरव की बात है। कहा कि साहित्य रचना करना नए युग का सृजन करना होता है। कार्यक्रम में रंगकर्मी अनुसुया प्रसाद की चित्र प्रदर्शनी व रणबीर चौहान, मंजुल ढौंडियाल व बीना मित्तल की पेंटिग्स का भी अवलोकन किया गया। साहित्याचंल के संस्थापक वेद प्रकाश माहेश्वरी को उनके 82वें वर्ष में प्रवेश करने व उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए उनका शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर चंद्रप्रकाश नैथानी, डा. पीसी जोशी, प्रवेश नवानी, सुरेंद्र लाल आर्य, शशि भूषण अमोली, मोहिनी नौटियाल, डा. पंकज भारद्वाज, मनोज, प्रेम बलोदी, डा. अशोक गिरि, डा. चंद्रमोहन बड़थ्वाल, जनार्दन ध्यानी, महेश चंद्रा, एसएन नौटियाल, डा.

## शोध छात्रों में शोध की भावना विकसित होना जरूरी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग की वायुमंडलीय भौतिकी प्रयोगशाला में समर स्कूल इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत वायुमंडलीय भौतिकी की तकनीकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर से 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आलोक सागर गौतम ने बताया कि समर स्कूल इंटर्नशिप के लिए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने आवेदन किया था, जिसमें अन्तिम रूप से 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया। समर स्कूल इंटर्नशिप का उद्देश्य स्नातक, परास्नातक तथा शोध छात्रों में शोध भावना का विकास करना है। कार्यक्रम में डा. आलोक सागर गौतम, श्यामनारायण नौटियाल, करन सिंह एवं संजीव कुमार द्वारा शोध विषय से संबधित सोफिस्टकैटेड मशीनों की हेड्स ऑन ट्रेनिंग के तहत डाटा हैंडलिंग सहित महत्वपूर्ण सॉफ्टवेर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डा. गौतम ने कहा कि अनियंत्रित विकास, वनाग्नि एवं वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण उत्तराखंड की हवा को जहरीला बना रहा है। इनसे निकलने वाले एयरोसोल के सूक्ष्म कण मनुष्य की श्वशन नलिका से होते हुए यकृत तक पहुंच जाते हैं, जिनकी अधिकता से श्वाश रोग, खांसी, दमा और यहां तक हृदयाघात का खतरा बना रहता है। (एजेंसी)

# दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित करें


डीएम बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारी को दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें प्रेरित करने को कहा। साथ ही स्वरोजगार स्थापित करने से पूर्व प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये।

बुधवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित संस्था को निर्देशित किया कि जनपद में दिव्यांगों का सही रूप से चिन्हिकरण करते हुए उन्हें दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूआईडी कार्ड, दिव्यांग उपकरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से दिव्यांगजनों को लाभावित करने हेतु सेवायोजन, उद्योग व बैंक अधिकारियों के साथ बैठक करें। कहा कि स्वरोजगार से रूचि रखने वाले दिव्यांगजनों का आवेदन बैंक को प्रस्तुत करें व उन्हें समय पर बैंक से ऋण पास कराकर स्वरोजगार से जोड़े। जिससे वह स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिकी मजबूत बना सकेंगे। जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र के नोडल अधिकारी धर्मेंद्र पंवार ने बताया कि दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 06 लोगों का ऋण हेतु बैंक में आवेदन किया गया, जिसमें 02 लोगों का ऋण पास हुआ है और उन्होंने स्वरोजगार स्थापित कर लिया है। कहा कि जिन दिव्यांगजनों के आवेदन बैंक स्तर पर लंबित हैं उनके दस्तावेजों को पूर्ण करते हुए पुनः बैंक को प्रस्तुत किया जायेगा। कहा कि वर्ष 2022-23 में जनपद में 137 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरण व 7687 यूडीआईडी कार्ड के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 6915 यूडीआईडी कार्ड दिव्यांगों को वितरित कर दिये गये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी, अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, जिला कार्यक्रम अधिकारी

# ग्रीष्मोत्सव में छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड लोक संस्कृति के रंग बिखेरे

पौड़ी : ग्रीष्मोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या स्थानीय शिक्षण संस्थानों के नाम रही। प्राइमरी और जूनियर वर्ग में नन्हे-मुन्नें बच्चों ने देश के विभिन्न प्रांतों के मनमोहक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उत्तराखण्ड के विभिन्न हिस्सों के लोक संस्कृति के रंग बिखरे। मंगलवार की देर शाम को रामलीला मैदान में सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंगकर्मी व लोक गायक मनोज रावत अंजुल, विशिष्ठ अतिथि भातखंडे संगीत महाविद्यालय में लोकगायन और वादन के शिक्षक इंद्रमोहन चमोली ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से सांकृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ ही कई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना कबीलेतारीफ है। उन्होंने सामाजिक, साहित्यिक सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के आयोजन के लिए आयोजक मंडल की सराहना की। सांस्कृतिक संध्या के तहत प्राइमरी वर्ग में ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल ने गढ़वाली नृत्य समलोन्या रुमाल, नेहरू मांटेसरी ने मराठी लोक नृत्य अप्सरा आली, विद्या भारती शिशु मंदिर विकास मार्ग ने नागपुरिया नृत्य और बीआर मॉडर्न स्कूल राजस्थानी लोक नृत्य झुण झुण बाजे पर शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। जूनियर वर्ग में ब्राइट स्टार ने स्याली रामदई, नेहरु मांटेसरी ने बंसी बजादै, मुरली बजै दे, सरस्वती शिशु मंदिर क्यूंकलेश्वर ने पोस्तु का छुम्मा, बीआर मॉडर्न ने राजुली तिले धारू बोला, राआइंका पौड़ी नगर फुलदई संक्राति पर घोघा माता, राजमति देवी सरस्वती शिशु मंदिर तिमली सैदा फूल जाइ जइ, रा आदर्श जूहा स्कूल नगर क्षेत्र न. 11 ने कुमाउनी रानी रूमल मा, डीएवी इंटर कॉलेज ने ता छुमा, ता छुमा दरी, राकइंका पौड़ी ने खेलो झुमैलो और मेसमोर इंटर कॉलेज ने ले भुजे जाला ले च्यूड़ा की प्रस्तुति देकर छात्र-छात्राओं ने उत्तराखण्ड के विभिन्न हिस्सों के लोक संस्कृति के रंग बिखरे। इन प्रस्तुतियों ने खचाखच भरे रामलीला मैदान में देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा। पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम ने आयोजन में सहयोग के लिए सभी शहरवासियों, स्कूलों का धन्यवाद किया। इस मौके पर सांस्कृतिक संयोजक पदमेंद्र नेगी, रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष विरेंद्र रावत, समाज सेवी भरत सिंह रावत, सतेंद्र रावत आदि मौजूद थे। संचालन वीरेंद्र खंकरियाल और प्रवीण नेगी ने किया।

## दुनिया के लोग संस्कृत भाषा सीखनें को उत्सुक

नई टिहरी : श्रीकमलनयन प्राच्यविद्या संस्थानम् सदडगांव मड़बागी सौड़ में आयोजित सात दिवसीय भारतीय ज्ञान विज्ञान संस्कृत संवर्धक शिविर का शुभारंभ भगवान नागराजा के ढोल के साथ दिल्ली संस्कृत विवि के प्रो. सरस्वती, तुलसी देवी तथा सेम मुखेम मंदिर के रावल गंगा प्रसाद ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रतापनगर के सदडगांव मड़बागी सौड़ में श्रीकमलनयन प्राच्यविद्या संस्थानम् का सात दिवसीय भारतीय ज्ञान विज्ञान संस्कृत संवर्धक शिविर शुर हुआ। श्रीकमलनयन प्राच्यविद्या संस्थानम् के प्राचार्य आचार्य बासुदेव चमोली ने शिविर में सात दिनों आयोजित होने वाली दैनिक दिनचार्य के बारे में छात्रों और मौके पर उपस्थित लोगों को

# जीवन में सज्जनता एवम सतीत्व को अपनाएं : घिल्डियाल



जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विकासखंड रिखणीखाल के ग्राम जेठों गांव में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का बुधवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। कथा के समापन पर पौराणिक शिव मंदिर में प्रातः काम से ही शिव भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। प्रसिद्ध भजन गायक सतेंद्र सिंह रावत (बिल्लू भाई), भजन गायिका सुमन रावत ने भजनों की प्रस्तुति देकर शिवभक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

अंतिम दिवस की कथा में कथावाचक आचार्य कैलाश घिल्डियाल ने कहा कि जीवन में सज्जनता एवम सतीत्व को अपनाएं। सज्जन लोगों की संगत करें, जिससे आप का जीवन सफल होगा। उन्होंने भजन की महत्ता को बताते हुए कहा कि आप जब भी भजन करते है तो आप उस समय अकेले नहीं होते, महादेव हर क्षण आपके साथ होते हैं। सृष्टि अपने नियमानुसार चलती है। प्रकृति का हर प्राणी उसके अनुसार अपना जीवन आगे बढ़ाता है, जैसे शेर भूखा होने पर भी घास नहीं खाता, हंस मोती ही चुगता है। कोई भी प्राणी सृष्टि के नियमों का उल्लंघन नहीं करता है केवल मनुष्य ही सृष्टि के नियमों का उल्लंघन करता है। कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर कथा के संयोजक भारतेन्दु सिंह रावत, समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, सचिव सत्यप्रसाद देवरानी, कोषाध्यक्ष गजय सिंह रावत सहित राजेन्द्र सिंह रावत, बालकृष्ण रावत, श्याम सिंह रावत, जगदीश प्रसाद देवरानी, रंजन सिंह रावत, अरुण देवरानी, चंदन सिंह रावत, सुभाष देवरानी, जितेंद्र सिंह रावत, उमेश देवरानी, त्रिभुवन, हरेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद थे।

# एसएसपी ने एएनटीएफ के अधिकारियों को लगाई फटकार

## ड्रग्स पेडलरों के खिलाफ मुहिम तेज न करने पर जताई नाराजगी



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने ड्रग्स पेडलरों के खिलाफ मुहिम तेज न करने पर एएनटीएफ के अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं में लगातार जागरूकता कार्यक्रम करने को कहा। एसएसपी ने एनडीपीएस व आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही कम होने पर नाराजगी जताते हुए मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्रग्स पेडलरों के खिलाफ धर-पकड़ की कार्यवाही प्रोफेसनल पुलिसिंग से एवं मादक पदार्थों की ब्रिकी करने वालों की धर-पकड़ के लिए जनपद के थाना क्षेत्रान्तर्गत बैरियरों पर नियमित रुप से सघन चैकिंग करने को कहा।

बुधवार को एसएसपी श्वेता चौबे ने जनपद के क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन एवं एएनटीएफ के कार्मिकों के साथ ऑनलाइन समीक्षा गोष्ठी की। उन्होंने जनपद के थाना लक्ष्मणझूला व श्रीनगर क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में स्कूली छात्रों को नशे के मकड़जाल से बचने के लिए मादक पदार्थ उन्मूलन में कार्यरत नशा मुक्ति केन्द्रों के प्रबन्धकों से समन्वय स्थापित कर केन्द्रों का नियमित रुप से भौतिक सत्यापन करने को कहा। साथ ही नशा मुक्ति केन्द्रों के प्रबन्धकों से उनकी सूची प्राप्त करते हुये मादक पदार्थों की बिक्री एवं आपूर्ति करने वालों पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने हेतु एएनटीएफ को निर्देशित किया। एसएसपी ने कहा कि युवा पीढ़ी में मादक पदार्थों के सेवन को रोकने के लिए शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति नुक्कड़ नाटक, बैनर, रैली के माध्यम से जागरुक करेगें। साथ ही शिक्षण संस्थाओं में एएनटीएफ टीम द्वारा छात्र-छात्राओं के मध्य ड्राइंग, पेन्टिंग प्रतियोगिताओं का समय-समय पर आयोजन करने को कहा। एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन को सीसीटीवी कैमरों के लगाये जाने व उनका सुचारु रुप से कार्य करने के सम्बन्ध में स्थानीय व्यापारियों के साथ गोष्ठी करने को कहा। साथ थाना क्षेत्रों लगे सीसीटीवी कैमरों की चैकिंग नियमित रुप से करने के निर्देश दिए। ऑनलाइन गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन विभव सैनी, निरीक्षक प्रभारी एएनटीएफ मौ0 अकरम सहित समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

## प्रधानों ने निर्माण कार्यों पर उठाए सवाल

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के ग्राम प्रधानों ने पेयजल निगम व जल संस्थान द्वारा जल जीवन मिशन के तहत करवाए गए निर्माण कार्यों पर सवाल उठाए। प्रधानों ने आरोप लगाया कि विभागों ने अभी तक अधिकतर प्रधानों को योजनाओं की डीपीआर उपलब्ध नहीं करवाई है। जिससे उन्हें योजना की लागत व निर्माण कार्यों की कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।बुधवार को ब्लॉक प्रमुख सोवन सिंह पंवार की अध्यक्षता में पेयजल समस्याओं के संबंध में विभागीय अधिकारियों की प्रधानों के साथ बैठक हुई। इस मौके पर प्रधान संगठन कीर्तिनगर के ब्लॉक अध्यक्ष सुनय कुकसाल ने कहा कि विभागों की ओर से अभी तक योजनाओं की डीपीआर उपलब्ध नहीं करवाई है। उन्होंने पेयजल टैंकों की सफाई, प्राथमिक विद्यालय अमरोली में पानी की व्यवस्था किए जाने और डीपीआर उपलब्ध करवाने की मांग की। प्रधान बीरबल सिंह ने कांडी मोटर मार्ग के कारण क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत न किए जाने, प्रधान धन सिंह रावत ने सिरवाड़ी पाइप लाइन के लीकेज ठीक न किए जाने और प्रधान आशा देवी और हेमा देवी ने पेयजल समस्या का समाधान न होने व प्रधान सरिता शाह ने गंदे पानी की आपूर्ति का मुद्दा उठाया।

# देश का युवा सशक्त और अपने अधिकार के प्रति जागरूक हो

श्रीनगर गढ़वाल : भारतीय जनता युवा मोर्चा श्रीनगर मंडल की ओर से महा जनसंपर्क अभियान के तहत नव मतदाता सम्मेलन का भव्य रूप से आयोजन किया गया। इस मौके पर युवाओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया और क्षेत्र के 300 नव मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र बनाने हेतु पंजीकरण कराए गए।

भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुधीर जोशी के नेतृत्व में आयोजित सम्मेलन में त्रुटि वाले मतदाता पहचान पत्रों को आवेदन फार्म के तहत ठीक कराया गया। उन्होंने बताया कि आज के परिपेक्ष्य में अपने मत का प्रयोग क्यों आवश्यक है। कहा यह पीढ़ी युवाओं की पीढ़ी है और यदि युवा इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं और अपने मत का प्रयोग करते हैं तो यह लोकतंत्र की वास्तविक धारणा की जीत है। कहा देश का युवा सशक्त हो और अपने अधिकार के प्रति जागरूक हो, इसलिए सशक्त राष्ट्र के निमाण के लिए देश हित में अपने मत का प्रयोग करना आज के नव मतदाता की प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रदेश प्रभारी शैलेंद्र बिष्ट गढ़वाली ने सभी नव मतदाताओं को अपना मत का सही ढंग से प्रयोग करने व आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर मतदान करने की अपील की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष रावत, युवा मोर्चा गढ़वाल संयोजक शुभम सेमल्टी, गढ़वाल विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष गौरव मोहन सिंह नेगी ने भी मतदान की उपयोगिता को नव मतदाताओं के सम्मुख रखा। इस मौके पर शुभम सेमल्टी, लखपत भंडारी, नगमा तौफीक, मीना गैरोला, गिरीश भट्ट, अतर सिंह असवाल, कुलदीप चौहान, सतीश चंद्र, पंकज रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुलिस ने की वीडियो वायरल करने वाले युवकों पर कार्यवाही

रुद्रप्रयाग : गत दिवस केदारनाथ धाम में आयी एक महिला द्वारा केदारनाथ में स्थानीय दुकानदार से वोडका मांगे जाने सम्बन्धी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। इस सम्बन्ध में जनपद की सोशल मीडिया मॉनीटरिंग टीम, व सर्विलांस सेल टीम द्वारा वीडियो की सत्यता का पता करवाया गया। जिसमें ज्ञात हुआ कि उक्त वीडियो को श्री केदार कॉटिज एवं रेस्टॉरेन्ट नियर हाट बाजार केदारनाथ के संचालक सौरभ शुक्ला पुत्र कपिल शुक्ला निवासी फली फलासत, लमगौण्डी, जिला रुद्रप्रयाग हाल केदारनाथ द्वारा चुपके से बनाकर वायरल किया जाना प्रकाश में आया है। चूंकि इस वीडियो से केदारनाथ धाम जैसे पवित्र स्थल की पवित्रता भंग हुई है, ऐसे में जनपद रुद्रप्रयाग की चौकी केदारनाथ पुलिस द्वारा इस प्रकार के वीडियो को वायरल करने के आरोप में उक्त होटल संचालक व उसके सहयोगियों सहित कुल 06 व्यक्तियों का उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम की धारा 81 के तहत चालानी कार्यवाही की गयी है। (एजेंसी)

# प्रकृति का दोहन नहीं शोषण हो रहा है : गुप्त

नई टिहरी : पर्यावरण संरक्षण को लेकर वैश्विक संस्कृत मंच के सचिव डॉ. राजेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय ई–संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय पर्यावरण संरक्षण और संकल्प रखते हुए देश–विदेश के पर्यावरण प्रेमियों ने अपने विचार रखते हुए प्रकृति के प्रति दृढ़ संकल्पित होने का आह्वान किया।

संगोष्ठी का संचालन उत्तराखंड प्रान्त के संयोजक टिहरी के डा. संजीव प्रसाद भट्ट ने किया। सर्वप्रथम डा.. महेशानंद नौडियाल ने मंगलाचरण और अतिथियों का स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात संगोष्ठी में मुख्य वक्ता उपनिदेशक राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के प्रो. विनोद कुमार गुप्त ने बताया कि प्रकृति का दोहन नहीं शोषण किया जा रहा है, इसीलिए जलवायु परिवर्तन ग्लोबल वार्मिंग ओजोन परत में छेद बढ़ रहा है। पौधरोपण से ही पर्यावरण सुरक्षित होगा। विशिष्ट वक्ता शिक्षा शास्त्र विभाग लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली डा. शिवदत्त आर्य ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने वाले पंच तत्वों को भगवान की उपमा दी गई है। जिससे कि हम पर्यावरण का संरक्षण कर सकें। जैसे अग्नि को अग्नि देव, वायु को वायु देव, सूर्य को सूर्य देव, पृथ्वी को पृथ्वी माता, गंगा को गंगा माता कहते हुए इनको देव तुल्य माना गया है। ताकि इनकी उपासना कर संरक्षण किया जाय। बागपत के डा. अरविंद तिवारी ने कहा कि रामायण में माता सुमित्रा ने राम भगवान से कहा था कि जंगल को अयोध्या समझना और उसका संरक्षण करना। जिसमें पर्यावरण संरक्षण का ही संदेश था। उत्तराखंड प्रान्त के अध्यक्ष प्रो. राम विनय सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि मनुष्य किसी न किसी तरह से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। पर्यावरण की रक्षा न की गई, तो हम भी सुरक्षित नहीं है। हमें भूकंप, ज्वालामुखी व सुनामी जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ेगा।

## लंबित जांचों व शिकायतों के त्वरित निस्तारण करें : एसएसपी

नई टिहरी : पुलिस लाइन चंबा में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने जिले के सभी थानाध्यक्षों को पब्लिक का धन जमा कराने वाली फाइनेंस कंपनियों की जांच करने के आदेश देते हुए बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बुधवार को आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी ने पुलिस कार्मिकों की परेशानियों को भी सुना। जिनके सम्बंध में सभी थानाध्यक्षों को कर्मचारियों की परेशानियों के समाधान के निर्देश दिए।

गोष्ठी में आगामी 25 जून होने वाले जी 20 सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की।


## कार्यालय - नगर पंचायत थलीसैण- पौड़ी गढ़वाल

संख्या- 36/1 /15 वें वित्त/न0पं0 थलीसैण/ 2023-2024 दिनांक 06 जून 2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा 15 वें वित्त आयोग मद से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो के सम्पादन शासकीय विभाग/किसी शासकीय कन्सटेक्शन विभाग के पंजीकृत ठेकेदरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसमें निविदा विक्रय का दिनांक 21.06.2023 को सांय 5.00 बजे तक एवं मुहरबन्द निविदायें दिनांक 22.06.2023 को 2.00 बजे तक डाली जानी है, जो दिनांक 22.06.2023 को सांय 3.00 बजे अपरान्ह को उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत थलीसैण में खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य समाप्ति की अवधि | कार्य हेतु वांछित अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | डिग्री कालेज रोड पर इन्टर कॉलेज के समीप पुरूष व महिला शौचालय तथा दो यूरिनल | 4.53 लाख | 13,600 | 500+ 18% GST | 45 दिन | 02 माह | भवन निर्माण कार्य में पंजीकृत श्रेणी 'डी' एवं उच्चतर |

2- नियम एवं शर्तें कार्यालय नगर पंचायत थलीसैण में देखी जा सकती है।

सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार समिति का होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत थलीसैण
पौड़ी गढ़वाल

उपजिलाधिकारी/प्रशासक
नगर पंचायत थलीसैण
पौड़ी गढ़वाल।

सम्पादकीय

## पर्यटक स्थलों मैं पर्यावरण संतुलन जरूरी

उत्तराखंड के पर्यटक स्थलों में बढ़ रही भीड़ स्थानीय पर्यावरण एवं व्यवस्थाओं पर भारी पड़ने लगी है। सीमित स्थान के बावजूद लगातार यात्रियों एवं पर्यटकों का बढ़ता हुआ सैलाब परिवहन व्यवस्था पर भी असर दिखाने लगा है। व्यवस्थाओं के कारण नैनीताल हाई कोर्ट वाहनों की लगातार बढ़ रही संख्या के बाद जो टिप्पणी की है वह काफी गंभीर है। अदालत का कहना है कि ऐसे ही हालात रहे तो आने वाले दिनों में जोशीमठ जैसे ही हालात नैनीताल में भी नजर आएंगे। पर्यावरण की दृष्टि से नैनीताल हाईकोर्ट की टिप्पणी काफी महत्वपूर्ण है और इस दिशा में राज्य सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। नैनीताल की स्थिति को लेकर एक जनहित याचिका डाली गई थी जिसमें कहा गया था कि पर्यटन नगरी नैनीताल में पर्यटन के दौरान ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्या बन जाती है जिसके कारण स्थानीय लोगों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ती है, जबकि नैनीताल में ग्रीष्मकालीनअवकाश नहीं होता और विद्यालय संचालन होने के कारण बच्चे भी परेशान होते हैं। अब प्रश्न उठता है कि क्या नैनीताल में वाहनों का प्रवेश बंद कर पर्यटन सीजन को प्रभावित किया जा सकता है? स्थानीय प्रशासन को यात्रा प्रबंधन की दशा सुधारने के लिए समय–समय पर निर्देशित किया जाता रहा है लेकिन पर्यटकों की संख्या के आगे यह आदेश निर्देश धरे के धरे रह जाते हैं। नैनीताल पुलिस जनपद में सीजन के दौरान सुव्यवस्थित ज्यादा संचालन में कसौटी ऊपर पूरी तरह से खरी नहीं उतरी है, जिस कारण आए दिन क्षेत्र में पर्यटक एवं स्थानीय निवासी जाम से जूझते नजर आते हैं। पार्किंग एक ऐसी समस्या बन चुका है जिसका कोई हल फिलहाल नजर नहीं आता और पार्किंग के अभाव में वाहनों को सड़क किनारे पार्क करना एक मजबूरी बन चुकी है। नैनीताल हाईकोर्ट ने यूं ही नहीं कहा है कि अगर इस समस्या को समय पर नहीं सुलझाया गया तो यहां के हालात भी जोशीमठ की तरह हो सकते हैं। अदालत ने भी इस बात को माना है कि स्थानीय प्रशासन यातायात की व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है और कहीं ना कहीं व्यवस्थाओं को नजरअंदाज किया गया है, जिसकी वजह से नैनीताल में अवस्थाएं सामने आई है। हालांकि यह कहना भी ठीक नहीं होगा कि केवल पार्किंग के नाम पर नैनीताल में पर्यटन सीजन को प्रभावित किया जाए बल्कि समाधान यह निकालना होगा कि कैसे नैनीताल के स्थानीय लोग और पर्यटक जाम को लेकर परेशान ना हो। समाधान का सबसे कारगर उपाय यही है कि पार्किंग के स्थल निश्चित किए जाएं एवं मुख्य क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश को लेकर कोई ठोस व्यवस्था बनाई जाए। वाहनों का अत्यधिक दबाव एवं पर्यटकों की संख्या किसी भी पहाड़ी क्षेत्र में पर्यावरण की दृष्टि से घातक साबित हो सकती है।

# मोदी नरेटिव से ही जीतते हैं तो इसी से हराओ!



कहानी जो मोदी के आसपास घूम रही है उसे विपक्ष को अपनी तरफ लाना होगा। औरयही विपक्ष नहीं समझ रहा। 12 जून को होने वाली विपक्षी एकता का पटनासम्मेलन निरस्त करना पड़ा। क्यों? क्योंकि कांग्रेस सहित कुछ औरपार्टियों ने कहा कि उनके प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। ये प्रतिनिधिक्या होता है? जनता मोदी के मुकाबले इनके नाम पर वोट देगी? पिछली बारपटना में ही सीपीआई ( एमएल) के सम्मेलन में जहां सबसे पहले नीतीश नेविपक्षी एकता की बात कही थी वहां कांग्रेस ने सलमान खुर्शीद को पहुंचारखा था। जो विपक्षी एकता पर हनीमून या सेपरेशन जैसा कोई चुटकुला सुना करआ गए थे। नीतीश ने बहुत सही कहा है कि प्रतिनिधियों को नहीं पार्टी अध्यक्षों कोआना होगा। अगर विपक्षी पार्टियां इसे पहले सम्मेलन को गंभीरता से नहीं लेरहीं तो उन्हें 2024 लोकसभा चुनाव भूल जाना होगा।

शकील अख्तर

कहानी जो मोदी के इर्द गिर्द घूम रही है उसे विपक्षी एकता के आसपास लाना होगा। अब जो दूसरी तारीख सम्मेलन के लिए हो उसे बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। वही एक ऐसा हथियार है जिससे विपक्ष मोदी का मुकाबला कर सकताहै। बाकी सब मुर्खों की कल्पनाओं जैसी बाते हैं। 2014 और 2019 ऐसे हीबिना तैयारी के हारे। और इस बार भी अगर पूरी तैयारी और विपक्षी एकजुटतानहीं होगी तो मोदी जी विपक्ष को खर पतवार की तरह काटते हुए निकल जाएंगे।

क्या विपक्ष की समझ में अभी भी नहीं आ रहा कि उसकी हार के क्या कारण हैं? केवल एक और बहुत सरल।

कारण है नरेटिव। एक माहौल, एक कहानी! उसे बदलना होगा। और वह भी बहुत सरल है। बस थोड़ा अपने दायरों से बाहर निकलना होगा।आज नरेटिव ( कहानी ) क्या है! सब सही हो रहा है। कुछ भी गलत नहीं हो रहा।इतना बड़ा रेल एक्सिडेंट भी। ट्रैक चालू कर दिए हैं। रेल मंत्री ने घटनास्थल का दौरा किया। पीएम भी पहुंचे। और सबसे बड़ी बात सीबीआई इंक्वायरीघोषित कर दी है। जांच सिग्नल प्रणाली, रेल पटरियों की देखरेख का अभाव,पुराने डिब्बों, तीन लाख खाली पड़े पदों की वजह से कर्मचारियों की कमी और अन्य सुरक्षा खामियों की होना थी। मगर नरेटिव बना दिया आपराधिक षडयंत्रका।

उड़ीसा पुलिस को चेतावनी जारी करना पड़ी। इतनी भयानक मानवीय त्रासदी में शुक्रवार, मस्जिद, मुसलमान का एंगल खोजने वालों के खिलाफ। लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा सोशल मीडिया से लेकर गोदी मीडिया तक अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता उल्टे ऐसी चीजों को और हवा देने के लिए आपराधिक मामलों की जांच करने वाली एजेन्सी सीबीआई कोसामने और ले आए।

तो सब मिलाकर कहानी ( नरेटिव) क्या चल रही है कि एक्सिडेंट तो पहले भीहोते थे मगर अब देखो सरकार कितना काम कर रही है। एक सवाल इस पर नहीं हैकि रेल बजट जो अलग से आता था वह क्यों बंद कर दिया? रेल्वे पर हर एंगल सेबात हो जाती थी। सिर्फ विपक्ष ही नहीं सत्ता पक्ष के लोग भी खूब सवालउठाते थे। रेल मंत्री से लेकर, रेल्वे बोर्ड, अफसर, सब स्टाफ चौकन्नेरहते थे। अब तो यह सवाल ही नहीं आता कि रेल्वे में कितनी भर्तियां खालीपड़ी हैं। और क्यों? देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी और देश में सबसेज्यादा नौकरी देने वाले विभाग रेल्वे ने भर्तियां बंद कर रखी हैं। क्यों?

इसलिए कि रेल्वे बेचना है। और खरीदने वाला सेठ कम से कम लायबल्टिज(जिम्मेदारी) चाहता है। इसलिए बुजुर्गों की सबसे ज्यादा महिमा तो गाईजाती है। मध्य प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्य मुफ्त तीर्थ भी करवा लातेहैं। मगर जो वे अधिकार की तरह लेते थे वह वरिष्ठ नागरिक कंसेशन बंद करदिया। समाज के और भी वर्गों को जिन्हें जरूरत होती थी उनका भी बंद करदिया। क्यों? क्यों कि खरीदने वाले प्राइवेट सेक्टर को कोई बोझ नहींदेना था। वंदे भारत के किराए इसीलिए इतने ज्यादा रखे गए हैं कि क्रोनीकैपटलिस्टों (दोस्त सेठों) को बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़े। उल्टे अपनाबड़ा दिल दिखाने के लिए चाहें तो उसमें दस बीस रूपए कम भी कर सकते हैं।

मीडिया इसे जनता को बड़ी राहत, फलाने सेठ की गिफ्ट बताकर खूब धूम धड़ाकाकर देगा। मगर यह नहीं बताएगा कि बालासोर रेल दुर्घटना से पहले कानपुर केपास इन्दौर पटना एक्सप्रेस की बड़ी दुर्घटना हुई थी। 150 से ज्यादा लोगमरे थे। 2016 की बात है। सात साल हो गए। खुद प्रधानमंत्री ने कहा बड़ीसाजिश है। तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु जिनका प्रचार इन नए वाले अश्विनी वैष्णव से बहुत ज्यादा था ने एनआईए से जो आतंकवादी घटनाओं कीजांच के लिए बना था से जांच की मांग की। लेकिन आज तक एनआईए की रिपोर्ट

नहीं आई है। मगर उसके बाद 2017 में हुए यूपी विधानसभा चुनाव में इस एंगलकी चर्चा करके ही माहौल बनाया गया। याद कीजिए यह वही चुनाव था जिसमेंप्रधानमंत्री ने अपना सबसे विवादास्पद बयान श्मशान और कब्रिस्तान दियाथा।

तो यह एक उदाहरण दिया जो सबसे लेटेस्ट ( अभी का) था कि मामला चाहे जितना गंभीर हो मगर कहानी एक ही चलेगी कि सब चंगा सी। बाकी सब गलत हैं मोदी जी सही हैं। चाहे महिला पहलवानों का मामला हो या मणिपुर का, चीन की घुसपैठका, बेरोजगारी, महंगाई किसी का। मीडिया सबका बचाव करेगा। और नरेटिव यहीबनाया जाएगा कि आएगा तो मोदी ही!

विपक्ष को इसी को तोडऩा है। और इसका एक ही तरीका नया नरेटिव सेट करना।शहर में भूत आया भूत घूम रहा है। कल रात यहां दिखा, परसों वहां था किकहानी खत्म करने के लिए एक सुबह एक आदमी को बोरा लेकर नदी की तरफ निकलनापड़ता है ना! कि देखो बोरे में बंद कर लिया। नदी में फेंकने जा रहे हैं।

कहानी जो मोदी के आसपास घूम रही है उसे विपक्ष को अपनी तरफ लाना होगा। औरयही विपक्ष नहीं समझ रहा। 12 जून को होने वाली विपक्षी एकता का पटनासम्मेलन निरस्त करना पड़ा। क्यों? क्योंकि कांग्रेस सहित कुछ औरपार्टियों ने कहा कि उनके प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। ये प्रतिनिधिक्या होता है? जनता मोदी के मुकाबले इनके नाम पर वोट देगी? पिछली बारपटना में ही सीपीआई ( एमएल) के सम्मेलन में जहां सबसे पहले नीतीश नेविपक्षी एकता की बात कही थी वहां कांग्रेस ने सलमान खुर्शीद को पहुंचारखा था। जो विपक्षी एकता पर हनीमून या सेपरेशन जैसा कोई चुटकुला सुना करआ गए थे।

नीतीश ने बहुत सही कहा है कि प्रतिनिधियों को नहीं पार्टी अध्यक्षों कोआना होगा। अगर विपक्षी पार्टियां इसे पहले सम्मेलन को गंभीरता से नहीं लेरहीं तो उन्हें 2024 लोकसभा चुनाव भूल जाना होगा। चुनाव में अब कितने दिनबचे हैं? अगर इसी नवंबर दिसबंर में चार बड़े राज्यों मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना के साथ नहीं करवाया जिसकी संभावना बहुत सेलोगों को दिख रही है तो निर्धारित समय के लिए भी 300 से कम दिन बचे हैं।मार्च 2024 में चुनाव की घोषणा हो जाएगी।

अगर थोड़ा पहले करवाए, समय पूर्व जिसके बारे में राजनीतिक क्षेत्रों केसाथ प्रशासनिक हल्कों में भी सुगबुगाहट है तब तो कोई समय बचा ही नहीं है।और अगर बेरोजगारी, मंहगाई जैसी समस्याएं जिनके ज्यादा विकराल होने कीआशंका बताई जा रही है को महत्व नहीं दिया गया और समय पर ही चुनाव करवाएगए तब भी उनके लिए विपक्ष के पास बहुत ज्यादा समय नहीं है।

मगर पता नहीं क्यों विपक्ष यह समझ नहीं रहा है? क्या अगले लोकसभा चुनावसे भी ज्यादा जिसमें हारने का मतलब है लोकतंत्र, सारी संवैधानिक संस्थाएंऔर खुद विपक्ष पूरी तरह तबाह हो जाना से भी ज्यादा जरूरी कोई काम है?

क्या उसे नहीं पता कि एक विपक्षी एकता का बड़ा सम्मेलन सारे नरेटिव कोबदलने की क्षमता रखता है। और आज की तारीख में यही एक ब्रह्मास्त्र ऐसा हैजिसका तोड़ मोदी जी के पास नहीं है।खेल पूरा नरेटिव का हो गया है। नहीं तो राहुल ने अपनी तरफ से इन 9 सालोंमें कोई कसर नहीं छोड़ी है। पूरी मेहनत की। अपनी यात्रा से देश भर को नापदिया। हर मुद्दा उठाया। लेकिन नरेटिव पूरी तरह सेट नहीं हो पा रहा।मीडिया पूरी तरह उनके खिलाफ है। वह एक नकली कहानी रोज बुनती रहती है।मोदी, मीडिया और व्हटसएप मिलकर एक ऐसा चक्रव्यूह बनाए हैं कि उसे भेद करबाहर आना अकेले किसी के बस की बात नहीं है। उसका मुकाबला तो पूरी विपक्षीएकता से ही करना होगा।

कहानी जो मोदी के इर्द गिर्द घूम रही है उसे विपक्षी एकता के आसपास लाना होगा। अब जो दूसरी तारीख सम्मेलन के लिए हो उसे बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। वही एक ऐसा हथियार है जिससे विपक्ष मोदी का मुकाबला कर सकताहै। बाकी सब मुर्खों की कल्पनाओं जैसी बाते हैं। 2014 और 2019 ऐसे हीबिना तैयारी के हारे। और इस बार भी अगर पूरी तैयारी और विपक्षी एकजुटतानहीं होगी तो मोदी जी विपक्ष को खर पतवार की तरह काटते हुए निकल जाएंगे।जनता उनके रथ को तभी रोकेगी जब उसे दूसरा कोई ऐसा ही चमकीला भड़कीला,विजयनाद करता हुआ रथ दिखेगा। थके हुए, श्लथ सैनिकों को कोई सेल्यूट नहींकरता है। गज सेना के सामने गज सेना और अश्वारोहियों के मुकाबले अश्वारोहीही उतारना पड़ते हैं। कैसा ही बड़ा वीर साहसी हो पैदल जाएगा तो युद्ध केलंबे मैदान में एक सिरे से दूसरे सिरे तक नहीं पहुंच पाएगा।

## भागलपुर का पुल

जब हादसा होता है, तो कुछ दिन तक मीडिया में उसकी चर्चा रहती है और लोग भी उस पर बातें करते हैं। हर ऐसी बड़ी घटना पर जांच का एलान किया जाता है। फिर धीरे–धीरे सब कुछ 'सामान्यइ हो जाता है। बिहार के भागलपुर में गंगा नदी पर बन रहे पुल के गिरने का वीडियो दुनिया भर में चर्चित हुआ है। चूंकि ऐसे विजुअल कम ही मिलते हैं, इसलिए मेनस्ट्रीम से लेकर सोशल मीडिया तक पर लोगों ने इसे खूब देखा। और चूंकि यह घटना ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना से बने माहौल के बीच हुई, तो इसे भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर की असल हालत की कहानी के हिस्से के रूप में सहज ही पेश किया गया। चूंकि उसी जगह पर बन रहा पुल दूसरी बार गिरा है, तो उससे इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण में जुड़े भ्रष्टाचार का नैरेटिव भी लोगों के गले उतर गया। गौरतलब यह है कि भारत के लिए ना तो ट्रेनों का पटरी से उतरना कोई असामान्य घटना है, ना निर्माणाधीन या बन चुके पुलों का गिरना। अभी कुछ महीने ही हुए हैं, जब गुजरात के मोरवी में पुल गिरने की जानलेवा घटना हुई थी। ऐसी घटनाओं के एक साथ एक सामान्य बात यह भी है कि जब हादसा होता है, तो कुछ दिन तक मीडिया में उसकी चर्चा रहती है और लोग भी उस पर बातें करते हैं।हर ऐसी बड़ी घटना पर जांच का एलान किया जाता है। फिर धीरे–धीरे सब कुछ 'सामान्यइ हो जाता है और किसी को इस बात की फिक्र नहीं रहती कि उस जांच का क्या हुआ? क्या दुर्घटना के लिए किसी की जवाबदेही तय हुई और जिन्हें जवाबदेह पाया गया, उन्हें क्या दंड मिला। वैसे भी बात सिर्फ प्रत्यक्ष जवाबदेही की नहीं है। जवाबदेही तो उन सबकी बननी चाहिए, जो उन निर्माण संबंधी निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा रहे हों। लेकिन यह अपने देश में बहुत बड़ी बात है। बहरहाल, चूंकि कभी जवाबदेही तय नहीं होती, तो हर हादसे के बाद निर्णय और निर्माण की प्रक्रियाएं यथावत चलती रहती हैं।

## नीतिगत अस्थिरता ठीक नहीं

अब सौर पैनलों पर टैक्स घटा, तो चीन से ही आयात बढ़ेगा। इससे भारत के बारे में क्या धारणा बनेगी? इसीलिए अपेक्षित यह है कि कोई कदम सभी पहलुओं पर पूरे विचार–विमर्श के बाद ही उठाया जाए।

एक खबर के मुताबिक भारत सरकार अब चीन से सौर पैनलों के आयात पर टैक्स घटाने पर विचार कर रही है। जबकि इसके पहले भारत ने चीन से आयात कम करने के लिए सौर पैनलों पर 40 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया था। सवाल है कि जब यह फैसला लिया गया, उसके बाद स्थिति में ऐसा क्या बदलाव आ गया है? एक विदेशी एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार अब शुल्क को 40 से 20 प्रतिशत पर लाने और साथ ही जीएसटी को 12 से पांच प्रतिशत पर लाने का विचार कर रही है। दरअसल सरकार ने अप्रैल 2022 में सौर पैनलों के आयात पर 40 प्रतिशत टैक्स और सौर सेलों के आयात पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाया था। तब बताया गया था कि इस कदम का उद्देश्य चीन से आयात पर लगाम लगाना है, ताकि देश के अंदर इनके उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। लेकिन खबरें है कि असल में ऐसा नहीं हुआ । भारतीय निर्माता इन पैनलों और सेलों की मांग को पूरा करने लायक उत्पादन कर नहीं पाए। जबकि ऊंचे शुल्क की वजह से इन उत्पादों की देश में कमी हो गई और सौर परियोजनाओं का काम धीमा पड़ गया।

इसकी वजह से भारत सौर ऊर्जा उत्पादन के अपने लक्ष्यों को भी हासिल नहीं कर पाया। 2022 में 100 गीगावाट सौर ऊर्जा इंस्टॉल करने का लक्ष्य था, लेकिन कुछ रिपोर्टों के मुताबिक हासिल सिर्फ 63 मेगावाट हो पाया। इस हाल को देखते हुए भारतीय सौर कंपनियों ने इस साल आम बजट से पहले ही सरकार से इन टैक्स दरों को कम करने की मांग की थी। जीएसटी दर भी इस समस्या का बड़ा हिस्सा है। करीब चार साल पहले सौर परियोजनाओं पर जीएसटी सिर्फ पांच प्रतिशत ही थी, जिसे बाद में बढ़ा कर 8.9 प्रतिशत किया गया और फिर बढ़ा कर 12 प्रतिशत कर दिया गया। यह एक तथ्य है कि सौर उपकरणों का 80 प्रतिशत उत्पादन चीन में होता है। अब टैक्स घटा, तो चीन से ही आयात बढ़ेगा। इससे भारत के बारे में क्या धारणा बनेगी? इसीलिए अपेक्षित यह है कि कोई कदम सभी पहलुओं पर पूरे विचार–विमर्श के बाद ही उठाया जाए।

## राजस्थान में हुई गहलोत–पायलट में सुलह

**अजय दीक्षित**

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट के बीच अरसे से चली आ रही तनातनी फिलवक्त थम गई लगती है। गौरतलब है कि राजस्थान में 2018 में कांग्रेस की सरकार वनने के बाद सचिन को उपमुख्यमंत्री पद से नवाजा गया था। माना जा रहा था कि उनके प्रदेशाध्यक्ष रहते कांग्रेस ने एकजुटता से चुनाव लड़कर वसुंधरा राजे की भाजपा सरकार को जिस तरह पराजित किया था, उसके परिणामस्वरूप सचिन को यह पद सौंपा गया था। लेकिन पहले दिन से ही गहलोत और सचिन के वीच छत्तीस का आंकड़ा बन गया। दोनों नेता एक दूसरे के धुर विरोध में उतर आने लगे। वाद में सचिन ने अपने लिए पार्टी और सरकार में ज्यादा सम्मानजनक स्पेस हासिल करने के लिए समर्थक विधायकों के साथ हरियाणा के एक होटल में डेरा डाला तो गहलोत ने बड़ी सफाई से इस प्रयास को सचिन की कांग्रेस और पार्टी नेतृत्व से बगावत के रूप में पेश किया। इसके बाद के घटनाक्रम में सचिन को उपमुख्यमंत्री पद से हाथ धोना पड़ा और प्रदेशाध्यक्ष पद पर भी गोविंद सिंह डोटासरा को बिठा दिया गया। उसके वाद से दोनों नेता एक दूसरे पर तंज कसने का कोई मौका नहीं चूक रहे थे। भाषा की मर्यादा तक को भुला दिया गया था। वीच– बीच में कांग्रेस आला कमान ने तमाम कोशिशें कीं कि दोनों नेताओं के वीच सुलह कराई जाए। लेकिन हर वार नाकामी हाथ लगी। कई बार यह भी लगा कि हाई कमान की कोई सुनने को तैयार नहीं है। उसकी कमजोरी साफ नजर आती थी। लेकिन कर्नाटक में कांग्रेस की विजय और कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर मल्लिकार्जुन खडग़े के आसीन होने के बाद अव गहलोत और सचिन के वीच फिर से सुलह कराई गई है। बताया गया है कि कांग्रेस ने एक सर्वे कराया था जिससे पता लगा कि कांग्रेस नेता एकजुट होकर चुनाव में नहीं उतरे तो उन्हें शिकस्त मिलना तय है। आम जनता में कांग्रेस की सड़क दिख रही खींचतान कोई अच्छा संदेश नहीं जा रहा था । अव 10 जनपथ के हस्तक्षेप के वाद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के प्रयास से दोनों नेताओं ने एक साथ मिलकर कांग्रेस को जिताने के लिए काम करने का भरोसा दिलाया है। लेकिन लगता नहीं है कि ऐसा हो पाएगा क्योंकि दोनों एक दूसरे का विरोध करते–करते इतना आगे निकल चुके हैं कि उनमें भरोसे का संकट खत्म होना संभव नहीं है ।

## चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में कारगर है गुलाबजल, फायदे जानकार होगी हैरानी



यदि आप भी अभी तक गुलाब जल का उपयोग नहीं करती हैं तो इसके फायदे जानने के बाद अवश्य करने लगेंगी। गुलाब जल को त्वचा पर लगाने के बहुत सारे फायदे हैं। ये ना सर्फ त्वचा को नेचुरल ग्लो देता है बल्कि जल्दी से दिखने वाली एजिंग को भी समाप्त करता है। चेहरे के सबसे सेंसेटिव स्किन एरिया आंखों के आसपास की त्वचा पर गुलाबजल लगाने के बहुत सारे फायदे हैं। 30 के पश्चात् आंखों के आसपास की त्वचा यदि डार्क नजर आने लगी है तथा उस पर रिंकल हो रहे हैं तो इन तरीकों से गुलाब जल लगाएं।

**रिंकल्स के लिए:–** आंखों के आसपास की त्वचा यदि लूज होने लगी है तो प्रतिदिन आधा चम्मच बादाम के तेल में गुलाब जल की कुछ बूंदों को मिलाकर हल्के हाथ से मसाज करें। लगभग आधे घंटे बाद चेहरे को वॉश कर लें। **डार्क सर्कल के लिए:–** आंखों के नीचे गहरे काले घेरे पड़ गए हैं तो चंदन पाउडर में गुलाबजल को मिक्स कर लें। इस पेस्ट को आंखों के आसपास के भाग पर लगाकर छोड़ दें। लगभग 10 मिनट पश्चात् पानी से भीगे कॉटन बॉल की सहायता से क्लीन कर दें। ये आंखों के आसपास की सेसेंटिव स्किन को एक्सफोलिएट कर देगा। **आंखों को रिलैक्स करने के लिए:–** निरंतर स्क्रीन पर देखते–देखते आंखें थक गई हैं तो गुलाबजल की कुछ बूंदों को कॉटन बॉल पर डुबोएं एवं फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें। इन कॉटन बॉल्स को आंखों पर लगभग 30 मिनट रखें। इससे


## इन महिलाओं को ज्यादा होता है किडनी डिजीज का खतरा, जानिए कारण

किडनी से संबंधित परेशानियों का सामना किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में करना पड़ सकता है, लेकिन महिलाएं इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं. 30 वर्ष की उम्र के बाद अधिकतर महिलाओं को किडनी से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ता है.

30 साल के बाद महिलाओं में किडनी संबंधित परेशानियों के मुख्य कारण निम्नलिखित हो सकते हैंः

उम्रः–

महिलाओं में उम्र के साथ किडनी के संबंधित समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। जैसे कि उम्र बढने् के साथ, किडनी की कार्यशीलता में कमी हो सकती है और किडनी की संरचना में परिवर्तन हो सकता है, जिससे संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।




डायबिटीज (मधुमेह):–

डायबिटीज महिलाओं में किडनी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण हो सकता है। उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण, किडनी के रक्त संचार में कमी हो सकती है और किडनी को क्षति पहुंच सकती है।

हार्ट रोगः–

हृदय रोगों के मौजूद होने पर किडनी पर अस्पष्ट प्रभाव पड़ सकता है। उच्च रक्तचाप, अवसाद या अन्य हृदय समस्याएं किडनी के संबंधित स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं।

विटामिन और मिनरल की कमीः–

आपूर्ति में विटामिन और मिनरल की कमी किडनी स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकती है। विटामिन डी, बी–कॉम्प्लेक्स या उपादानों की कमी से किडनी संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

रक्तनलिका संक्रमणः–

महिलाओं में रक्तनलिका संक्रमण किडनी संबंधित समस्याओं का एक प्रमुख कारक हो सकता है। संक्रमण किडनी की संरचना और कार्यशीलता को प्रभावित कर सकता है, जिससे संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। यदि किसी महिला को किडनी संबंधित समस्याएं हो रही हैं, तो उन्हें एक वैद्यकीय विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए ताकि उचित निदान और उपचार प्राप्त कर सकें।

## न्यायिक अधिकारियों के ड्रेस कोड पर दिल्ली हाईकोर्ट का नया सर्कुलर

नई दिल्ली,। दिल्ली हाई कोर्ट ने जिला अदालतों में न्यायिक अधिकारियों और वकीलों के लिए ड्रेस कोड के नियम में संशोधन किया है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि पीठासीन अधिकारी की पोशाक उपयुक्त होनी चाहिए और उनके पद की गरिमा के बराबर होनी चाहिए।अदालत ने कहा कि शॉर्ट्स और कम बाजू के कपड़े पीठासीन अधिकारियों के लिए ठीक नहीं हैं।दिल्ली हाई कोर्ट के एक प्रस्ताव में कहा गया है कि पुरुष न्यायिक अधिकारियों को सफेद शर्ट, सफेद बैंड, एक काला कोट और ग्रे या सफेद पतलून पहननी चाहिए।महिला न्यायिक अधिकारियों के लिए सफेद या काले रंग का ब्लाउज/शर्ट (पूरी या आधी बाजू वाली), सफेद या काले रंग की साड़ी या सफेद, काले या भूरे रंग की पैंट/सलवार कमीज/लंबी स्कर्ट होनी चाहिए।

सर्कुलर में यह भी उल्लेख किया गया है कि वकीलों के लिए ड्रेस कोड बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार होगा। नियम 30 में अधीनस्थ न्यायाधीशों, मजिस्ट्रेटों, जिला और सत्र न्यायाधीशों और महिला न्यायिक अधिकारियों सहित अन्य के लिए अलग-अलग ड्रेस कोड प्रदान किए गए थे।

## औरंगजेब की प्रशंसा वाली पोस्ट को लेकर बवाल, वाहन पलटे-सडकों पर उतरी प्रदर्शनकारियों की भीड़

कोल्हापुर । मुगल बादशाह औरंगजेब और मैसूर के राजा टीपू सुल्तान की प्रशंसा को लेकर बुधवार को विरोध प्रदर्शन और कुछ हिंदू संगठनों द्वारा बंद का आह्वान किया गया। भीड़ ने सुरक्षा बलों पर हमला किया, पथराव भी किया। इसके अलावा, कुछ वाहनों को पलट दिया। विरोध को उग्र होते देख स्थानीय दुकानदारों ने दुकानों के शटर गिरा दिए। वहीं पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस को प्रदर्शनकारियों का पीछा करते, एक स्थान पर भीड़ को पीटते और बाद में कई लोगों को पकड़ते और हिरासत में लेते देखा गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

स्थानीय प्रशासन को स्थिति को नियंत्रण में लाने और प्राथमिकता पर कोल्हापुर में शांति बहाल करने के आदेश के साथ कस्बे में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शिंदे ने कहा, मैं स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हूं.. मैं लोगों से संयम बनाए रखने और कानून को अपने हाथ में नहीं लेने का आग्रह करता हूं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोल्हापुर में कानून व्यवस्था बनी रहे। फडणवीस ने साजिश की ओर इशारा करते हुए कहा, हम लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हैं..

## ओडिशा ट्रेन हादसा : शुभेंदु अधिकारी ने मुआवजा बांटने के समय पर सवाल उठाए

कोलकाता । पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य के उन लोगों के परिवार के सदस्यों को मुआवजे के चेक के वितरण के समय पर सवाल उठाया, जो ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम को हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना में मारे गए। मुख्यमंत्री बुधवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में मुआवजे के चेक बांटने वाली हैं।मंगलवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना के बमुश्किल पांच दिन बाद मुआवजे के चेक लेने के लिए पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को बुलाना मुख्यमंत्री का अमानवीय दृष्टिकोण है।अधिकारी ने कहा, परिवार के अधिकांश सदस्य अभी भी आघात से उबर नहीं पाए हैं। लेकिन मुख्यमंत्री सुर्खियों में आने के लिए एक भव्य कार्यक्रम के माध्यम से मुआवजा वितरण की व्यवस्था कर रही हैं।

# लखनऊ कोर्ट में गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी जीवा की हत्या, एक बच्ची को भी लगी गोली



**लखनऊ, एजेंसी।** एससीएसटी कोर्ट रूम में बुधवार दोपहर हमलावर ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। मजिस्ट्रेट के सामने कुख्यात अपराधी संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा (50) की हत्या कर दी गई। जीवा की सुरक्षा में तैनात दो पुलिसकर्मियों और वहां मौजूद एक डेढ़ साल की बच्ची व उसकी मां को भी गोली लगी। वकीलों ने दौड़कर हमलावर को दबोच लिया और जमकर पीटा। पुलिस ने उसको हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ जारी है। वारदात से आक्रोशित वकीलों ने प्रदर्शन कर पथराव कर दिया। जिसमें एसीपी चौक का सिर फट गया। कई वाहन भी छतिग्रस्त हो गए।

हत्यारा वकील की ड्रेस में था। उसकी पहचान विजय यादव पुत्र श्यामा यादव निवासी केराकत जिला जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। हमले में एक सिपाही लाल मोहम्मद भी घायल हुआ है। हमले में घायल डेढ़ साल की बच्ची को बलरामपुर अस्पताल भेज दिया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। हमलावर वकील की ड्रेस में थे और कोर्ट परिसर के बाहर वारदात को अंजाम दिया है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। गैंगस्टर संजीव पूर्वांचल के भाजपा विधायक ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या के मामले में आरोपी था। मुख्यमंत्री योगी ने घटना की जांच के लिए एसआईटी गठित की है। मोहित अग्रवाल, नीलब्ज़ा चौधरी और प्रवीण कुमार एक सप्ताह में जांच पूरी कर रिपोर्ट देंगे।

भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी हत्याकांड में आजीवन कारवास की सजा पाने वाला मुजफ्फरनगर निवासी संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा पिछले बीस साल से जेल में बंद था। उस पर दो दर्जन केस दर्ज हैं। वह हत्या व एससीएसटी के एक केस में बुधवार दोपहर पुलिस अभिरक्षा में पेशी पर लाया गया था। दोपहर करीब 3:50 मिनट पर उसके केस की बारी आई। जैसे ही वह उठकर चला वैसे ही कोर्ट रूम के भीतर वकील के भेष में बैठे हमलावर ने उस पर गोलियां दागनी शुरू दीं। कोर्ट रूम से लेकर पूरे परिसर में भगदड़ मच गया। संजीव वही पर लहूलुहान होकर औंधे मुंह गिर गया। हमलावर ने भागने का प्रयास किया लेकिन वहां मौजूद वकीलों ने उसको पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह जौनपुर के केराकत का रहने वाला है। उसका नाम विजय यादव है। वकीलों ने उसको जमकर पीटा। तभी सूचना पर कार्यवाहक पुलिस कमिश्नर, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर समेत आलाधिकारी, पुलिस बल व पीएसी के जवान पहुंचे। संजीवा को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसको मृत घोषित कर दिया।

कोर्ट रूम में बीकेटी के भैसामऊ निवासी सौरभ अपनी पत्नी नीलम व पिता के साथ मौजूद थे। नीलम की गोद में उनकी डेढ़ साल की बेटी लाडो भी थी। गोली लाडो की पीठ व नीलम की अंगुलियों पर लगी। दोनों का इलाज जारी है। लाडो की हालत गंभीर है। वह आईसीयू में है। इसके अलावा अभिरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी कमलेश व लाल मोहम्मद भी घायल हुए हैं। दोनों के पैर में गोली लगी है। ये सभी खतरे से बाहर हैं।

आरोपी विजय यादव से पूछताछ जारी है। शुरुआती जांच में पता चला कि विजय साधारण परिवार से है। पिता किसान हैं। विजय चार भाइयों में दूसरे नंबर का है। 2016 में उस पर आजमगढ़ में लड़की भगाने के आरोप में केस दर्ज हुआ था। जौनपुर में 2020 में उस पर कोविड प्रोटोकॉल उल्लंघन का केस दर्ज किया गया था। पिछले तीन साल से वह मुंबई में रह रहा था। तीन महीने वह जौनपुर वापस लौटा था। हालांकि पिछले एक महीने से उसका संपर्क परिवार से नहीं था। उससे पूछताछ का दौर जारी है।

## पाकिस्तान की सीमा से उठे जबरदस्त रेतीले तूफान ने मचाया तांडव, कई इलाकों में हुई बारिश और ओलावृष्टि

जैसलमेर,(एजेंसी)। राजस्थान के जैसलमेर में मंगलवार को एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के कारण पाकिस्तान की सीमा से उठे जबरदस्त रेतीले तूफान ने जोरदार तांडव मचाया. तूफान की गति इतनी तेज थी कि कुछ पवन चक्कियों के पंखे टूट कर नीचे गिरे व मशीनें टेढ़ी हो गई. जिले के पोकरण, फलसूण्ड, रामदेवरा, भैंसड़ा आदि कई इलाकों में तूफान के साथ ओलावृष्टि व जोरदार वर्षा हुई.

पाकिस्तान की सीमा से उठकर आए तूफान ने नहरी क्षेत्र सुथारवाला मंडी, मोहनगढ़, नेहड़ाई समेत कई इलाकों में किसानों के सोलर पैनलों को ध्वस्त कर दिया. कई जगहों पर बड़ी संख्या में बिजली के पोल गिरने की भी बात सामने आई है. वहीं तूफानी आंधी व ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचाया है. क्षेत्र में चली आंधी व तूफान ने सौर ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में करोड़ों रुपए का नुकसान दिया है. दर्जनों की संख्या में सौर ऊर्जा प्लेटें टूट चुकी है, तो आंधी के कारण सौर ऊर्जा उत्पादन भी प्रभावित हुआ है. अब प्लांट के अधिकारी व कार्मिक पुनः व्यवस्था को सुधारने में लगे हुए है. वही तेज तूफ़ान से विधुत विभाग बड़े टावर धाराशाई हो गए है.मौसम विभाग द्वारा जारी ओरेन्ज अलर्ट की चेतावनी को देखते हुए जिला कलेक्टर टीना डाबी ने आमजन से सावधानी बरतने एवं कमजोर दीवार, पेड़ व खंभे के नीचे खड़े न रहने की अपील की है. साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम एवं संबंधित अधिकारियों से अलर्ट रहने के निर्देश दिए है. गौरतलब है कि मौसम विभाग ने जिले में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा और आकाशीय बिजली व तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की है. वहीं जैसलमेर के सुथारवाला मंडी, मोहनगढ़ समेत कई ग्रामीण इलाकों में बारिश के साथ करीब आधा घंटे हुई ओलावृष्टि से ओलों की चादर बिछ गई. वहीं किसानों के खेतों में लगी हुई सोलर प्लेट तिनकों की तरह उड़ गए. कई इलाकों में दिन में ही अंधेरा सा छा गया.

## दक्षिण कोरिया 2024-25 के लिए सुरक्षा परिषद का सदस्य बना

सोल , दक्षिण कोरिया को दो साल के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य के रूप में चुना गया है। इससे उसे उत्तर कोरियाई मुद्दे और अन्य वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों को विश्व निकाय में उठाने के लिए अपनी पैठ बढ़ाने का अवसर मिलेगा। एशिया में एकमात्र उम्मीदवार राष्ट्र के रूप में दक्षिण कोरिया को मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में हुई वोटिंग में चुना गया। उसे इससे पहले 2013-14 में यूएनएससी में जगह मिली थी।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान 192 सदस्य राष्ट्रों में से 180 ने उसके पक्ष में मत दिया।

यूएनएससी में पांच स्थायी सदस्य अमेरिका, चीन, फ्रांस, यूके और रूस तथा 10 अस्थायी सदस्य शामिल हैं जिनका चयन दो-दो साल के लिए होता है।

वर्तमान में अस्थायी सदस्य अल्बानिया, ब्राजील, गैबॉन, घाना, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), स्विट्जरलैंड, इक्वाडोर, जापान, माल्टा और मोजाम्बिक हैं।

अल्जीरिया, गुयाना, सिएरा लियोन और स्लोवेनिया सहित पांच नव-निर्वाचित देश जनवरी 2024 में अल्बानिया, ब्राजील, गैबॉन, घाना और यूएई के स्थान पर यूएनएससी में शामिल होंगे।

एक नए अस्थायी सदस्य के रूप में, दक्षिण कोरिया से प्योंगयांग के बढ़ते उकसावे के मद्देनजर अपनी आवाज बुलंद करने और अमेरिका और जापान के साथ अपने त्रिपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की उम्मीद है, हालांकि इसकी सीमाएं हो सकती हैं क्योंकि इसके पास कोई वीटो शक्ति नहीं है।

विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि दक्षिण कोरिया के अगले साल जून में परिषद का अध्यक्ष बनने की संभावना है।

यूएनएससी का प्रत्येक सदस्य देशों के वर्णानुक्रम के अनुसार एक महीने के लिए अध्यक्ष पद ग्रहण करता है।

मंत्रालय ने सुरक्षा, शांति व्यवस्था और महिलाओं के साथ-साथ साइबर सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे नए खतरों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा का नेतृत्व करने के प्रयासों का संकल्प लिया है।यह दक्षिण कोरिया तीसरी बार यूएनएससी का अस्थायी सदस्य चुना गया है। पहली बार उसे 1996-97 की अवधि के दौरान चुना गया था।

चुनाव ऐसे समय में हुआ है जब उत्तर कोरिया ने हाल ही में अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के विकास में तेजी लाई है।

## छात्रावास में मृत मिली युवती, रेप के बाद हत्या की आशंका

मुंबई ,(एजेंसी)। मुंबई के पॉश मरीन ड्राइव इलाके में स्थित एक सरकारी छात्रावास में 19 वर्षीय युवती मृत अवस्था में मिली। पुलिस ने बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया, च्मामले में संदिग्ध आरोपी ओम प्रकाश कनौजिया (30) छात्रावास से फरार था। उसका शव चरनी रोड स्टेशन के प्लेट-फॉर्म पर मिला। संभावना है कि वारदात के बाद उसने आत्महत्या कर ली।ज्ज् कनौजिया 15 साल से पुलिस जिमखाना के पास सावित्री बाई फुले गर्ल्स छात्रावास में गार्ड था।

छात्रा महाराष्ट्र के विदर्भ की रहने वाली थी और बांद्रा के सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज की छात्रा थी। मंगलवार दोपहर से छात्रा लापता थी और छात्रावास की चौथी मंजिल पर उसके कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था।

### 23 जून को पटना में ही विपक्षी दलों की बैठक

## जदयू-राजद का दावा- ममता-राहुल भी आएंगे



**पटना, एजेंसी।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष की एकजुटता दिखाने का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रयास अब रंग लाने वाला है। 12 जून को प्रस्तावित बैठक कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी की दूरी के कारण टालनी पड़ी थी, लेकिन अब जनता दल यूनाईटेड और राष्ट्रीय जनता दल ने घोषणा की है कि विपक्षी दलों के तमाम प्रमुख नेता 23 जून को पटना में जुटेंगे।

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ बुधवार शाम प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी कि कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी के साथ ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राकांपा प्रमुख व पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भाकपा महासचिव डी राजा, वरिष्ठ वामपंथी नेता सीताराम येचुरी और दीपांकर भट्टाचार्य ने भी 23 जून को पटना में विपक्षी एकता के लिए होने वाली बैठक में आने की स्वीकृति दी है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों के कई नेताओं से मुलाकातों के बाद 12 जून को पटना में बैठक रखी थी। लेकिन, जब उन्हें यह पक्का हुआ कि राहुल गांधी समेत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी इस बैठक में नहीं आ रहे हैं तो आननफानन में इस बैठक को रद्द कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि विपक्षी दलों की बैठक में पार्टी अध्यक्षों को आना है और अगर कांग्रेस की ओर से ही इसकी अस्पष्टता रहेगी तो गलत संदेश जाएगा। उन्होंने कहा था कि जल्द ही कांग्रेस के साथ बात कर अगली तारीख बताई जाएगी। बुधवार को जदयू के अध्यक्ष ललन सिंह ने कांग्रेस समेत तमाम प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं का नाम गिनाते हुए जानकारी दी कि 23 जून को पटना में ही बैठक होगी।

## अरब सागर पर निम्न दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है:आईएमडी

नई दिल्ली,। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि गुजरात में दक्षिणी पोरबंदर में दक्षिणपूर्व अरब सागर पर निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ सकता है और चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है. इस चक्रवाती तूफान को 'बिपरजॉयइ कहा जाएगा. यह नाम बांग्लादेश ने रखा है. मौसम विभाग ने एक बुलेटिन में कहा कि निम्न दबाव का क्षेत्र सुबह साढ़े आठ बजे पश्चिम-दक्षिणपश्चिम गोवा से करीब 950 किलोमीटर, दक्षिण-दक्षिणपश्चिम मुंबई से 1,100 किमी, दक्षिण पोरबंदर से 1,190 किमी और पाकिस्तान में दक्षिण कराची से 1,490 किलोमीटर पर बना हुआ था.इसमें कहा गया है, दबाव के क्षेत्र के उत्तर की ओर बढने तथा पूर्व-मध्य अरब सागर और उससे सटे दक्षिणपूर्व अरब सागर पर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है. मौसम कार्यालय ने बताया कि चक्रवाती तूफान बृहस्पतिवार सुबह तक भीषण चक्रवाती तूफान में बदलने और शुक्रवार शाम तक इसके प्रचंड रूप लेने की संभावना है. इस दौरान केरल-कर्नाटक तटों और लक्षद्वीप-मालदीव इलाकों में छह जून और कोंकण-गोवा-महाराष्ट्र तट पर आठ से 10 जून तक समुद्र में बहुत ऊंची लहरें उठने की संभावना है. समुद्र में गए मछुआरों को तट पर लौटने की सलाह दी गई है.

आईएमडी ने कहा था कि दक्षिण-पूर्व अरब सागर के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बनने और अगले दो दिनों में इसमें तेजी आने के कारण चक्रवाती हवाएं मानसून के केरल तट की ओर आगमन को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं.हालांकि, मौसम विभाग ने केरल में मानसून के आगमन की संभावित तारीख नहीं बताई. निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काइमेट वेदर ने बताया कि केरल में मानसून आठ या नौ जून को दस्तक दे सकता है लेकिन हल्की बारिश की ही संभावना है. उसने कहा कि अरब सागर में मौसम की ये शक्तिशाली प्रणालियां अंदरुनी क्षेत्रों में मानसून के आगमन को प्रभावित करती हैं. इसके प्रभाव में मानसून तटीय हिस्सों में पहुंच सकता है लेकिन पश्चिम घाटों से आगे जाने में उसे संघर्ष करना पड़ेगा.आईएमडी में वरिष्ठ वैज्ञानिक डी एस पई ने बताया कि केरल में सोमवार को भी अच्छी बारिश हुई और स्थितियां अगले दो से तीन दिन में मानसून के आगमन के लिए अनुकूल है. पई ने कहा कि चक्रवाती तूफान और बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दाब के कारण दक्षिणी प्रायद्वीप में बारिश होगी. उन्होंने कहा कि चक्रवात के कमजोर होने के बाद मानसून दक्षिणी प्रायद्वीप से आगे बढ़ेगा. दक्षिण-पश्चिम मानसून आम तौर पर एक जून को लगभग सात दिनों के मानक विचलन के साथ केरल में प्रवेश करता है. मई के मध्य में, आईएमडी ने कहा था कि मानसून चार जून तक केरल में आ सकता है. दक्षिण-पूर्वी मानसून पिछले साल 29 मई, 2021 में तीन जून, 2020 में एक जून, 2019 में आठ जून और 2018 में 29 मई को पहुंचा था. आईएमडी ने पूर्व में कहा था कि अल नीनो की स्थिति विकसित होने के बावजूद दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम में भारत में सामान्य बारिश होने की उम्मीद है.वैज्ञानिकों का कहना है कि केरल में मानसून में थोड़ी देर होने का मतलब यह नहीं होता कि मानसून देश के अन्य हिस्सों में भी देरी से पहुंचेगा. इससे मानसून के दौरान देशभर में कुल वर्षा पर भी असर नहीं पड़ता. आईएमडी ने पहले कहा था कि भारत में अल-नीनो की बदलती परिस्थितियों के बावजूद दक्षिणपश्चिम मानसून के दौरान सामान्य बारिश होने की उम्मीद है. उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से कम बारिश होने की उम्मीद है. पूर्व और उत्तर पूर्व, मध्य और दक्षिण प्रायद्वीप में लंबी

## पुरुलिया में दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस हादसे का शिकार होते होते बची

कोलकाता,दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में संतालडीह स्टेशन के पास हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। ट्रेन एक मानव-रेलवे क्रॉसिंग पर पटरियों पर फंसे डीजल से लदे एक ट्रैक्टर को छूती हुई निकल गई। घटना मंगलवार शाम की है। राजधानी एक्सप्रेस के ड्राइवर ने ट्रैक्टर को दूर से देखा और उसने तुरंत ट्रेन की स्पीड कम कर दी। हालांकि, इंजन के पीछे दो डिब्बे ट्रैक्टर को छूते हुए निकल गए। ट्रेन बाल बाल बच गई।

इसके बाद ट्रेन करीब 45 मिनट लेट हो गई। मंडल रेल प्रबंधक (आद्रा मंडल) मनीष कुमार ने मीडियाकर्मियों को बताया कि नुकसान की कोई खबर नहीं है। हालांकि, रेलवे सूत्रों ने कहा कि फाटक के चौकीदार को निलंबित कर दिया गया है और मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

ट्रेन नई दिल्ली से भुवनेश्वर जा रही थी। चूंकि संतालडीह स्टेशन निर्धारित स्टॉप नहीं था, इसलिए ट्रेन तेज गति में थी।

## ट्रक और पिकअप वैन में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत, 14 लोगों की दर्दनाक मौत

ढाका,। बांग्लादेश के सिलहट जिले में ट्रक और पिकअप वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। सिलहट के दक्षिण सूरमा पुलिस थाने के इंस्पेक्टर मोहम्मद अबुल हुसैन ने बताया कि सभी मृतक मजदूर थे। अधिकारी ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब छह बजे हुआ।

अधिकारी के अनुसार, सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

मुख्य रूप से जर्जर राजमार्गों, खराब रखरखाव वाले वाहनों, चालकों द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन और यातायात विभाग की निगरानी की कमी के कारण बांग्लादेश में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसलिए यहां मृत्यु दर सबसे अधिक है।मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश में ईद-उल-फितर त्योहार के दौरान 15 अप्रैल से 29 अप्रैल तक 304 सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 328 लोग मारे गए हैं और 565 अन्य घायल हो गए।

## दवाइयों में छिपाई हुई थी 40 करोड़ डॉलर की ड्रग्स, चार चीनी नागरिक गिरफ्तार

टोक्यो । जापान के अधिकारियों ने देश के इतिहास में सिंथेटिक दवाओं की दूसरी सबसे बड़ी खेप टोक्यो बंदरगाह से जब्त किया है, जिसका वजन 700 किलोग्राम (1,543 पाउंड) है। जापानी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एनएचके ब्रॉडकास्टर ने बताया कि पाउडर, जो बाद में सिंथेटिक ड्रग्स निकला, संयुक्त अरब अमीरात से चीन के माध्यम से एक मालवाहक जहाज पर टोक्यो बंदरगाह पर पहुंचाए गए कंटेनरों में पाया गया। दवाओं को बोर्डों के बीच छिपाया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनकी कीमत 43 अरब येन (लगभग 40 करोड़ डॉलर) है।

ब्रॉडकास्टर ने बताया कि मामले में चार चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।माना जाता है कि उनके पीछे अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठन काम करता है।

## डॉक्टर के साथ वीडियो कॉल पर नर्स ने की गर्भवती की सर्जरी, हुई मौत

पटना । बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर '3 इडियट्सइ के सबप्लॉट को वास्तविक जीवन में दोहराने की कोशिश झ एक गर्भवती महिला का स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ वीडियो कॉल पर ऑपरेशन के कारण दुखद अंत हुआ। बिहार के पूर्णिया जिले में गर्भवती महिला की सोमवार देर रात मौत हो गई। मालती देवी (22) नाम की गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा की शिकायत के बाद सोमवार की शाम पूर्णिया के लाइन बाजार इलाके के समर्पण प्रसूति अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस वक्त स्त्री रोग विशेषज्ञ सीमा कुमारी शहर से बाहर थीं। उसके बावजूद अस्पताल प्रशासन द्वारा महिला को भर्ती कर ऑपरेशन किया गया।जैसा कि मालती को तीव्र प्रसव पीड़ा हो रही थी, नर्सों और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों ने सीमा कुमारी से परामर्श किया और प्रसव को संभव बनाने के लिए ऑपरेशन को आगे बढ़ाने का फैसला किया।

वे मालती को ऑपरेशन थियेटर में ले गए और ऑपरेशन के लिए एक नर्स को नियुक्त किया।

## मध्य प्रदेश में पटरी से उतरीं 2 मालगाड़ी, कोई नुकसान नहीं

भोपाल,(एजेंसी)। ओडिशा के बालासोर में भीषण ट्रेन दुर्घटना के कुछ दिन बाद मध्य प्रदेश में मंगलवार रात 2 मालगाड़ी पटरी से उतर गईं। मालगाड़ी रसोई गैस टैंकर से लदी थी।

पहला हादसा जबलपुर रेल मंडल में आने वाले कटनी में हुआ और इसके कुछ घंटे बाद भेड़ाघाट के शहरपुरा भिटौनी में भी मालगाड़ी पटरी से उतर गई।

## ओडिशा ट्रेन दुर्घटना पर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है विपक्षः हरदीप सिंह पुरी

जम्मू,(एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विपक्षी दलों पर ओड़िशा में हाल में हुई ट्रेन दुर्घटना का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कीमती जान बचाने के लिए पीड़ितों तक पहुंचने को लेकर सरकार की प्रतिक्रिया त्वरित थी. पुरी ने बीबीसी पर आयकर के छापों का बचाव करते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र मजबूत है और कोई ताकत इसका क्षरण नहीं कर सकती.उन्होंने कहा कि प्रसारणकर्ता के पिछले कदम से यह संकेत मिलता है कि वह उन लोगों के हाथों में था जिनका भारत को लेकर एक एजेंडा है. पुरी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए जम्मू में थे, जिसने हाल ही में सत्ता में नौ साल पूरे किए. केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि जम्मू पहुंचने पर (सोमवार को) मेरा पहला कार्यक्रम पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक थी. हमने ट्रेन दुर्घटना (2 जून को) में जान गंवाने वाले लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखा और घायल हुए लोगों के लिए प्रार्थना की.

ट्रेन दुर्घटना को लेकर केंद्र सरकार पर विपक्ष के हमले के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में, उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा उपायों के बावजूद, कुछ गलत हो सकता है जो मानव अस्तित्व का हिस्सा है.उल्लेखनीय है कि ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना में 275 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और 1200 से अधिक घायल हो गए थे. पुरी ने कहा कि सरकार ने पीड़ितों और उनके परिवारों की मदद करने की पूरी कोशिश की.

# वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ट्रेविस हेड के बल्ले से निकली ऐतिहासिक पारी




नई दिल्ली, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ट्रेविस हेड के आगे भारतीय गेंदबाजी अटैक मजाक बनकर रह गया है। हेड ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 106 गेंदों पर शतक ठोक डाला है। हेड ने इस सेंचुरी के साथ ही खास मुकाम भी हासिल कर लिया है। वह डब्ल्यूटीसी के फाइनल में सैकड़ा जमाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

**हेड ने ठोका शतक**

भारत के खिलाफ खेले जा रहे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ट्रेविस हेड ने जोरदार शतक ठोक दिया है। हेड डब्ल्यूटीसी के फाइनल में सेंचुरी जमाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। हेड शुरुआत से ही बेहतरीन लय में नजर आए और उन्होंने मैदान के चारों कोने में खुलकर शॉट्स लगाते हुए 60 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। फिफ्टी जमाने के बाद हेड और भी खूंखार दिखाई दिए और उन्होंने 106 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया।

**इंग्लैंड में पहली सेंचुरी**

सिर्फ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में नहीं, बल्कि इंग्लैंड की धरती पर ट्रेविस हेड के बल्ले से निकली पहली सेंचुरी भी है। इससे पहले इंग्लिश सरजमीं पर हेड का सर्वाधिक स्कोर 51 रन था, जिसको अब हेड ने पीछे छोड़ दिया है।

**हेड ने संभाली कंगारू टीम की पारी**

डेविड वॉर्नर और मार्नस लाबुशेन के आउट होने के बाद ट्रेविस हेड ने स्टीव स्मिथ के साथ मिलकर कंगारू टीम की पारी को बखूबी अंदाज में संभाला। हेड चौथे विकेट के लिए स्मिथ संग मिलकर खबर लिखे जाने तक 171 रन की पार्टनरशिप निभा चुके हैं।

**खराब रही ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत**

टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सिराज ने पारी के चौथे ही ओवर में उस्मान ख्वाजा को बिना खाता खोले पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद वॉर्नर ने लाबुशेन के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश की और दूसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। इस साझेदारी का अंत शार्दुल ठाकुर ने किया और उन्होंने वॉर्नर को 43 के स्कोर पर पवेलियन भेजा। इसके बाद मार्नस लाबुशेन भी 26 रन बनाकर मोहम्मद शमी की बेहतरीन गेंद पर क्लीन बोल्ड होकर चलते बने।

# आईपीएल, टेस्ट के फर्क से अवगत हैं गिल




लंदन । युवा प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में शानदार प्रदर्शन करके आत्मविश्वास ज़रूर मिला है, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की भिन्न परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं।

गिल ने 28 मई को समाप्त हुए आईपीएल की 17 पारियों में 890 रन बनाये, जिसमें तीन शतक भी शामिल रहे। गिल ने भले ही अपनी नायाब बल्लेबाजी के दम पर आईपीएल में ऑरेंज कैप हासिल किया, लेकिन उनका मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल एक अलग मैच है।

गिल ने रविवार को आईसीसी के साथ बातचीत में कहा, यह (आईपीएल में प्रदर्शन) आपको थोड़ा आत्मविश्वास तो देता है, लेकिन मुझे लगता है कि यहां परिदृश्य बिलकुल भिन्न है और यह एक अलग मैच है।

उन्होंने कहा, यही इसकी खास बात भी है। पिछले हफ्ते हम एक अलग माहौल में अलग तरह की क्रिकेट खेल रहे थे। यह एक नयी चुनौती है और यही टेस्ट क्रिकेट को रोमांचक बनाता है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया बुधवार से होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में आमने-सामने होंगे। भारत ने इससे पहले 2021 में हुए डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी जगह बनायी थी, हालांकि तब उसे न्यूज़ीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में क्रमशः 28 और आठ रन बनाने वाले गिल ने कहा कि वह पिछली गलतियों से ज़रूर सीख लेना चाहेंगे।

उन्होंने कहा, हम उन कुछ चीजों के बारे में बात कर रहे हैं जो हमने एक टीम के रूप में और खासकर उस मैच में बल्लेबाजी करने वाले समूह के रूप में सीखी हैं। उम्मीद है कि हम पिछली बार की गई गलतियों को सुधार सकेंगे।

अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा इस हफ्ते भारत के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच शतक जड़ चुके पुजारा का मानना है कि उनकी टीम मुकाबले के लिए बेहद अच्छी तरह से तैयार है।

पुजारा ने आईसीसी से कहा, हमने बहुत अच्छी तैयारी की है इसलिए उम्मीद है कि इस बार हम सीमा पार करेंगे। ज्यादातर खिलाड़ियों ने यहां काफी क्रिकेट खेली है और उनमें से कुछ ने काउंटी क्रिकेट भी खेला है।

उन्होंने कहा, आपको उस अनुभव की आवश्यकता हैज् हम एक-दूसरे की ताकत जानते हैं और हमने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी काफी क्रिकेट खेली है, इसलिए हमें पता है कि विपक्षी टीम से क्या उम्मीद करनी है।

# विराट की उत्सुकता से हो जाता टीम इंडिया का भारी नुकसान




नई दिल्ली,वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की नैया को पार लगाने की बड़ी जिम्मेदारी विराट कोहली के कंधों पर है। विराट इंग्लैंड में पहले कप्तानी कर चुके हैं, ऐसे में उनकी सलाह भी कप्तान रोहित शर्मा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में कोहली अपनी उत्सुकता के चलते बड़ी गलती करने वाले थे, जिसका खामियाजा टीम इंडिया को भुगतना पड़ सकता था।

**उत्सुकता में बड़ी गलती करने वाले थे कोहली**

दरअसल, गेंद मोहम्मद शमी के हाथों में थी और क्रीज पर थे स्टीव स्मिथ। पारी का 27वां ओवर चल रहा था। शमी ने स्मिथ के खिलाफ शॉर्ट गेंद का इस्तेमाल किया और कंगारू बैटर ने पुल करने का प्रयास किया। हालांकि, स्मिथ के बल्ले और गेंद का कोई भी संपर्क नहीं हो सका। इसके बावजूद विकेट के पीछे खड़े केएस भरत ने जोरदार अपील की और उनके साथ-साथ विराट कोहली भी उत्सुक नजर आए। विराट कप्तान रोहित को डीआरएस लेने के लिए प्रेरित करते हुए दिखाई दिए।

**रोहित ने दिखाई समझदारी**

हालांकि, कप्तान रोहित शर्मा ने सूझबूझ दिखाई और विराट कोहली की बातों में नहीं आए। रोहित ने इशारों-इशारों में समझाने में कोशिश करते दिखे कि गेंद और बल्ले के बीच कोई भी संपर्क नहीं हुआ। इसके बाद जब रिप्ले दिखाया गया, तो रोहित की कॉल एकदम सही साबित हुई। शमी की गेंद स्मिथ के बल्ले से कहीं भी टच होती दिखाई नहीं दी। रोहित की समझदारी के चलते टीम इंडिया का एक रिव्यू बच गया।

खराब रही ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत

टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सिराज ने पारी के चौथे ही ओवर में उस्मान ख्वाजा को बिना खाता खोले पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद वॉर्नर ने लाबुशेन के साथ मिलकर पारी को संभालने की कोशिश की और दूसरे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। इस साझेदारी का अंत शार्दुल ठाकुर ने किया और उन्होंने वॉर्नर को 43 के स्कोर पर पवेलियन भेजा।

# पाकिस्तान के कौन से खिलाड़ी मचा सकते हैं धमाल? पूर्व क्रिकेटर्स ने चुने अपने पसंदीदा खिलाड़ी

नई दिल्ली, 2008 में आईपीएल की शुरुआत हुई थी। वो एकमात्र सीजन था, जहां पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। मगर 2008 के बाद अगले 15 सीजन तक राजनीतिक मतभेदों के कारण पाकिस्तानी क्रिकेटर्स को दुनिया की सबसे अमीर टी20 लीग माने जाने वाली आईपीएल में खेलने की इजाजत नहीं है।

इस बीच पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान की टीम टी20 फॉर्मेट का एक मजबूत हिस्सा बनकर उभरी है। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर और टॉम मूडी ने आईपीएल में पाकिस्तान खिलाड़ियों को लेकर अपनी पसंद जाहिर की है। उन्होंनें आईपीएल के लिए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शादाब खान को किसी एक फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने का समर्थन किया है।

टी20 में पाक के पास कई ऑप्शन–

टॉम मूडी ने तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को अपनी पहली पसंद बताया है। मूडी ने कहा कि शाहीन अफरीदी, बाबर आजम, रिजवान और शादाब खान पाकिस्तान के टॉप खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान के पास टी 20 फॉर्मेट के लिए कई शानदार आप्शन हैं।

टी20 की मजबूत टीम पाकिस्तान–

दूसरी ओर मांजरेकर ने लीग में शामिल करने के लिए दो अन्य पाकिस्तानी सितारों का नाम लिया है। उन्होंने महसूस किया कि हारिस रउफ़ अपनी डेथ-बॉलिंग के कारण पसंदीदा खिलाड़ी के रूप में उभर सकते हैं जबकि सलामी बल्लेबाज फखर जमान भी लोगों को आकर्षित कर सकते हैं।

**बाबर और रिजवान चिंता का विषय–**

मांजरेकर ने कहा कि हारिस रउफ़ डेथ ओवरों के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं। मैं उनके बल्लेबाजों से ज्यादा उनके गेंदबाजों के बारे में सोचता हूं, लेकिन कुछ टीमों के लिए फखर जमान एक दिलचस्प ऑप्शन होंगे। उन्होंने बाबर और रिजवान कि एंकर स्टाइल बल्लेबाजी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब दोनों साथ बल्लेबाजी करते हैं तो मैं कभी-कभी चिंतित हो जाता हूं।

2008 आईपीएल में थे पाकिस्तान–

2008 में ही पाकिस्तान के खिलाड़ियों को आईपीएल सीजन का हिस्सा बनने की अनुमति दी गई थी। कामरान अकमल, यूनुस खान और सोहेल तनवीर विजयी राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। इसके अलावा शाहिद अफरीदी, मोहम्मद हफीज, सलमान बट और शोएब अख्तर ने भी लीग में हिस्सा लिया था।

## फिल्मी सफर

# सत्यप्रेम की कथा का ट्रेलर जारी, फिर जमी कार्तिक आर्यन–कियारा आडवाणी की जोड़ी



कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की सत्यप्रेम की कथा काफी समय से चर्चा में है। कुछ दिन पहले फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसमें दर्शकों को इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म की झलकियां देखने को मिली थी। तब से ही कार्तिक और कियारा के प्रशंसक इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। सोमवार को सत्यप्रेम की कथा का ट्रेलर जारी हो गया है, जिसमें एक बार फिर से कार्तिक और कियारा की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। इसका ट्रेलर कश्मीर के खूबसूरत दृश्यों के साथ शुरू होता है। फिल्म में कार्तिक एक गुजराती लडके़, सत्यप्रेम के किरदार में हैं, जो शादी करने के लिए उतावला है। उसकी मुलाकात कथा (कियारा) से होती है और दोनों में रोमांस शुरू हो जाता है। ट्रेलर में कार्तिक और कियारा के अलावा, गजराज राव, सुप्रिया पाठक, शिखा तलसानिया और राजपाल यादव भी नजर आ रहे हैं। गुजराती पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म रोमांस और फैमिली ड्रामा से भरपूर है।

समीर विद्वंस द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक म्यूजिकल ड्रामा है। यह 29 जून को पर्दे पर आएगी। इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। फिल्म में कार्तिक के किरदार का नाम सत्यप्रेम है वहीं कियारा के किरदार का नाम कथा है। पहले इस फिल्म का नाम सत्यनारायण की कथा था। इस नाम के लिए निर्माताओं पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा था। फिल्म का विरोध होने के बाद इसका नाम सत्यप्रेम की कथा कर दिया गया।

साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म को बड़ा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दर्शकों के उत्साह को एक अलग स्तर पर ले जाने के लिए उन्होंने फिल्म से एक ऐसा धमाकेदार डांस नंबर जोड़ा है, जो सलमान खान और अक्षय कुमार की फिल्मों की बराबरी करेगा। सत्यप्रेम की कथा के लिए कार्तिक-कियारा के साथ एक बड़ा गाना शूट किया गया है। नाडियाडवाला ने खुद सुनिश्चित किया कि गाना उनकी पिछली फिल्मों की तरह ही बड़ा हो। कार्तिक और कियारा इससे पहले सुपरहिट फिल्म भूल भुलैया 2 में साथ काम कर चुके हैं। दोनों की जोड़ी फिल्म में दर्शकों को बेहद पसंद आई थी।

## राघव जुयाल ने एक्शन थ्रिलर फिल्म युधा के लिए कसी कमर, ले रहे बॉक्सिंग का प्रशिक्षण

एक्टर-डांसर राघव जुयाल अगली बार सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म युद्ध में नजर आएंगे। इस फिल्म में स्टंट करने के लिए उन्होंने कड़ी ट्रेनिंग ली।

एक्टर के करीबी सूत्रों का कहना है कि उन्होंने इस एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन में हाई ऑक्टेन स्टंट करने के लिए कड़ी बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली, जो एक पूरी तरह से एक्शन फिल्म है। इस शैली में एक्टर की पहली फिल्म है।

इस बारे में बात करते हुए राघव ने कहा, मैंने पहले भी बॉक्सिंग सीखी है, लेकिन उसके बाद एक ब्रेक लिया।

हालांकि, जब फिल्म मेरे पास आई, तो मैंने अपना प्रशिक्षण फिर से शुरू कर दिया। यह फिल्म के लिए काम आया। युद्ध एक अद्भुत एक्शन फिल्म है और इस स्किल सेट ने मेर किरदार की तैयारी में इजाफा किया।

# थलापति विजय की फिल्म लियो ने रचा नया कीर्तिमान, आरआरआर भी छूटी पीछे



तमिल सुपरस्टार थलापति विजय इन दिनों लगातार सुर्खियों में छाए हुए हैं। वह एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए हैं। उनकी तमिल फिल्म लियो से जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है। विजय की इस फिल्म को लेकर भी प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। अब जो खबर आ रही है, उससे उनके प्रशंसक खुशी से उछल पड़ेंगे। दरअसल, फिल्म ने रिलीज से पहले ही केरल में नया रिकॉर्ड बना दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने केरल राज्य में शानदार कमाई की है।

इस मामले में इसने आरआ-रआर से लेकर बाहुबली 2 और पोन्नियिन सेल्वन 2 जैसी फिल्मों को भी पछाड़ दिया है। फिल्म के केरल डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स 16 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। यह केरल में किसी भी गैर-मलयालम फिल्म के लिए किया गया अब तक का सबसे बड़ा सौदा है। केरल में विजय की दीवानगी लोगों के सिर चढ़कर बोलती है, हालिया डील इसी का सबूत है। विजय ने बाल कलाकार के तौर पर भी कई फिल्मों में काम किया, जबकि बतौर लीड अभिनेता उनकी पहली फिल्म नालया थीरपू थी, जो 1992 में रिलीज हुई थी। उन्होंने इंटरनेशनल अचीवमेंट रिकॉग्निशन अवॉर्ड और साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड समेत कई पुरस्कार जीते हैं। बता दें कि रजनीकांत की सुपरहिट फिल्म 2.0 के डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स 14 करोड़ रुपये में बेचे गए थे, वहीं बाहुबली 2 10.5 करोड़ रुपये के साथ दूसरे नंबर पर थी, तीसरे नंबर पर 10 करोड़ रुपये के साथ ॠॠॠ और चौथे स्थान पर पोन्नियिन सेल्वन 2 थी, जिसके डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स केरल में 9 करोड़ रुपये में बिके थे।

# फिल्म 72 हूरें का टीजर जारी




सुदीप्तो सेन की द केरल स्टोरी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है तो इसी बीच आतंकवाद पर चोट करती एक और फिल्म 72 हूरें का टीजर जारी हो गया है। संजय पूरन सिंह चौहान द्वारा निर्देशित फिल्म के टीजर को कुछ लोग पसंद कर रहे हैं तो कुछ ने निर्माताओं को ट्रोल करते हुए इसे प्रोपेगेंडा फिल्म बताया है। उनका कहना है कि 72 हूरें द कश्मीर फाइल्स और द केरल स्टोरी की तरह झूठी कहानी बताएगी।

ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने 72 हूरें का टीजर साझा करते हुए बताया कि 2 बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके संजय इस फिल्म का निर्माण कर रहे है, जो 7 जुलाई रिलीज होगी। यह फिल्म गुलाब सिंह तंवर, किरण डागर और अनिरुद्ध तंवर द्वारा निर्मित और अशोक पंडित द्वारा सह-निर्मित है। फिल्म का टीजर जारी होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर इसको लेकर बातें होने लगी हैं और ज्यादातर लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म बता रहे हैं।

72 हूरें के टीजर में एक चरमपंथी नेता का भडक़ाऊ भाषण सुनाई दे रहा है, जिसमें जिहाद के बारे में बात की गई है। 51 सेकंड के टीजर में ओसामा बिन लादेन, अजमल कसाब, याकूब मेमन, मसूद अजहर, हाफिज सईद और सादिक सईद जैसे खूंखार आतंकवादियों और चरमपंथी नेताओं का जिक्रहै।

# आर्यन खान की वेब सीरीज स्टारडम का हिस्सा बने रणबीर कपूर, शूट किया कैमियो



शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने बीते दिनों अपनी लग्जरी ब्रांड को लॉन्च किया था तो अब वह अपनी पहली वेब सीरीज स्टारडम की तैयारियों में जुटे हैं। आर्यन यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं कि उनके निर्देशन की पहली सीरीज एक बड़ी हिट हो। स्क्रिप्ट और कास्टिंग पर काम करने के बाद उन्होंने मुंबई में शूटिंग भी शुरू कर दी है। साथ ही रणबीर कपूर का कैमियो भी सीरीज में पक्का हो गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, स्टारडम में लक्ष्य लालवानी मुख्य भूमिका में हैं और रणबीर कैमियो में नजर आएंगे, जिसके लिए उन्होंने हाल ही में शूटिंग भी कर ली है। कहा जा रहा है कि रणबीर मुंबई के वर्ली में हो रही सीरीज की शूटिंग के दौरान सेट पर पहुंचे थे। उन्होंने अपना कैमियो शूट करने के साथ ही आर्यन से मुलाकात की। इसके लिए रणबीर ने संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल की शूटिंग से कुछ समय के लिए ब्रेक लिया है।

हिंदी फिल्म उद्योग की कहानी बयां करती इस सीरीज में रणबीर के अलावा भी कई सितारों के कैमियो देखने को मिलेंगे।

फिल्म निर्माता करण जौहर के भी इस सीरीज में नजर आने की खबरें सामने आ रही हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख और रणवीर सिंह की झलक भी स्टारडम में देखने को मिलेगी, जो इसका अहम हिस्सा होंगे। ये सभी सितारे स्टारडम में छोटी-छोटी भूमिका निभाते नजर आएंगे और अलग-अलग एपिसोड का हिस्सा होंगे।

t;Ur
laLFkki
d
Lo-ujsUnz
mfu;ky
izdk kd]eqnz
d vkSj Lokeh
ukxsUnz
mfu;ky }kjk
izfrHkk izsl ls eqfnz
rFkk cnzhukFk ekxZ
dksV}kj
…x<+oky% ls
izdkf kr
&lEiknd